संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, सोमवार, 21 अगस्त 2023    ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive


यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकारी आवास पर जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं को सुनते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23    वर्षः 17  अंकः 222  पृष्ठः 12    RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# एमपी चुनावः अमित शाह ने भरी हुंकार

- कांग्रेस को चुनौती-50 साल का हिसाब दीजिएः शाह, बोफोर्स, राफेल समेत 24 घोटालों का जिक्र किया, बंटाढार और कमलनाथ जवाब दें

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने भोपाल में कमलनाथ और दिग्विजय सिंह से कांग्रेस सरकार के कार्यकाल का हिसाब मांगा। शाह ने कहा, 'हिम्मत है तो आपके 50 साल का रिपोर्ट कार्ड लेकर आइए। कांग्रेस के लोगों को पूछना चाहता हूं कि आपने मध्यप्रदेश के साथ कितना न्याय किया, इसका हिसाब दीजिए। आंकड़े लेकर 9 करोड़ जनता के सामने आइए।' उन्होंने कहा, '2004 से 14 में जब सोनिया-मनमोहन सरकार थी,




मध्यप्रदेश को 10 साल में सिर्फ 1 लाख 58 हजार करोड़ दिए। मोदी जी की सरकार ने 9 साल में 8 लाख 33 हजार करोड़ रुपए मध्यप्रदेश को देने का काम किया।' शाह ने कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में बीजेपी सरकार के 20 साल (2003-2023) के रिपोर्ट कार्ड की बुकलेट जारी की। ये 32 पेज की है। इसमें बीजेपी सरकार के 20 साल और कांग्रेस के शासन काल के कामों की तुलना की गई है। शाह ने 'गरीब कल्याण महा अभियान' की भी शुरूआत की। 41 दिन में ये अमित शाह का एमपी में चौथा दौरा है।

### 'दावे करने वालों को जनता के सामने हिसाब रखना चाहिए'

**शाह** ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य का गठन 1956 में हुआ। 50 से 2003 तक 53 साल में 6-7 साल छोड़कर पूरा समय कांग्रेस का शासन रहा। आज जो दावे कर रहे, उन्हें 53 साल का हिसाब देश और मध्यप्रदेश की जनता के सामने रखना चाहिए। इन 53 साल में मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य का टैग मिला। गृहमंत्री अमित शाह ने मीडिया के सवालों के भी जवाब दिए। 2023 का चुनाव जीतने पर शिवराज सिंह ही मुख्यमंत्री होंगे? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि शिवराज अभी भी मुख्यमंत्री हैं।

**बंटाढार और कमलनाथ बताएं, काफिला क्यों लुटा?:** अमित शाह के निशाने पर ज्यादातर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह रहे। स्पीच की शुरूआत में उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को बेहद मेहनती कहा। बोफोर्स, राफेल डील, कॉमनवेल्थ गेम्स घोटालों का जिक्र करते हुए कहा, 'बंटाढार और कमलनाथ जवाब दें। यह भी बताएं कि मध्यप्रदेश का काफिला क्यों लुटा? 2003 में श्रीमान बंटाढार की सरकार को हटाकर मध्यप्रदेश की जनता ने ऐतिहासिक निर्णय लिया।

# पिता राजीव गांधी को याद कर भावुक हुईं प्रियंका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी 79वीं जयंती पर याद किया। इस मौके पर प्रियंका ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी शेयर किया है।

**प्रियंका ने शेयर किया पोस्टः** सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक वीडियो शेयर करते हुए राज कपूर की फिल्म अनाड़ी का एक गाना 'किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार' अपने पिता को समर्पित किया। कांग्रेस नेता ने गाने के बोल शेयर करते हुए लिखा, "ये पंक्तियां मुझे



हमेशा आपकी याद दिलाती हैं और आज जब भी मैं यह गाना सुनती हूं, तो मेरी आंखों में आंसू आ जाते हैं।" इससे पहले दिन में, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और रॉबर्ट वाड्रा ने दिल्ली में वीर भूमि पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कांग्रेस कार्य समिति के गठन की घोषणा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को पार्टी की शीर्ष निर्णायक इकाई कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के गठन का ऐलान किया। इसमें शशि थरूर और सचिन पायलट को भी जगह मिली है। दोनों पहली बार इसमें शामिल हुए हैं। सीडब्ल्यूसी में 39 सदस्य, 18 स्थायी आमंत्रित, नौ विशेष आमंत्रित और पदेन सदस्य एवं प्रभारियों के नाम शामिल हैं। सीडब्ल्यूसी में मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा सोनिया गांधी, डॉ. मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, अधीर रंजन चौधरी, एके एंटनी, अंबिका सोनी, मीरा कुमार, दिग्विजय सिंह, पी. चिदम्बरम, तारिक अनवर, ललथनहावला, मुकुल वासनिक, आनंद शर्मा, अशोक चव्हाण, अजय माकन, चरणजीत सिंह चन्नी, प्रियंका गांधी वाड्रा, कुमारी शैलजा, गैखंगम, एन रघुवीरा रेड्डी, शशि थरूर, ताम्रध्वज साहू, अभिषेक मनु सिंघवी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, जीतेन्द्र सिंह, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सचिन पायलट, दीपक बाबरिया, जगदीश ठाकोर, जीए मीर, अविनाश पांडे शामिल हैं।

**टीम गठित**
कांग्रेस कार्य समिति के गठन का ऐलान किया। शशि थरूर, सचिन पायलट को भी जगह मिली

## तपस ड्रोन टेस्टिंग के दौरान हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**डीआरडीओ** द्वारा तैयार किया गया तपस ड्रोन कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले के एक गांव में परीक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। डीआरडीओ ने रक्षा मंत्रालय को दुर्घटना की जानकारी दी है। हालांकि, इसके कारणों का स्पष्ट पता नहीं लग सका है। दुर्घटना के पीछे के विशिष्ट कारणों की जांच अभी जारी है।

एक मीडियम ऊंचाई वाला लंबा एंड्यूरेंस मानव रहित ड्रोन है। यह ड्रोन अधिकतम 30,000 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है। इन ड्रोन में इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल और रअफ (सिंथेटिक एपर्चर रडार) पेलोड के साथ 250 किमी की रेंज के साथ 24 घंटे की उड़ान क्षमता है।

# आप किसी भी प्रकार की मदद मांगों, केंद्र देगाः जेपी नड्डा



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने 20 अगस्त, रविवार को भारी बारिश, बाढ़ एवं भूस्खलन के कारण हिमाचल प्रदेश में हुए भारी नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने प्रदेश में आई प्राकृतिक त्रासदी में दिवंगत लोगों के परिवारजनों के साथ मुलाकात भी की। उन्होंने समरहिल, शिमला में भारी बारिश के कारण हुए ध्वस्त प्राचीन शिव मंदिर स्थल का अवलोकन भी किया और शिमला एवं बिलासपुर में स्थानीय प्रशासन के साथ राहत, बचाव एवं पुनर्वास कार्यों पर चर्चा भी की। उनके साथ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, हिमाचल प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल भी थे। उन्होंने हिमाचल प्रदेश को आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी की ओर से पूरा सहयोग और समर्थन देने का भरोसा दिया। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश, बाढ़ एवं भूस्खलन के कारण आई तबाही का जायजा लेने और स्थानीय प्रशासन के साथ राहत, बचाव एवं पुनर्वास कार्यों पर चर्चा करने के पश्चात माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष मीडिया से बातचीत में कहा कि मैंने आज सिरमौरी ताल एवं कच्ची ढांग में बादल फटने से उत्पन्न हुई स्थिति का जायजा लिया।

**केंद्र का साथ**
हिमाचल प्रदेश को एसडीआरएफ के तहत 200 करोड़ रुपए की एक और किस्त जारी कर दी गई है




# जोत महोत्सव धर्म एवं आस्था का प्रतीक है: राजीव जैन

## सावन जोत महोत्सव की परंपरा हिन्दुस्तान-पाकिस्तान के बँटवारे से पूर्व से चली आ रही है: राजीव जैन

**उमंग व उत्साह**

**सामाजिक एवं धार्मिक मान्यताएं मजबूत होने के साथ-साथ भाईचारा, प्रेम की भावना मजबूत होती है**





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,** जोत महोत्सव धर्म एवं आस्था का प्रतीक है, जिसे पंजाबी समुदाय सदियों बाद भी निभा रहा है। श्रावण मास में मोक्ष दायिनी मां गंगा में स्नान करने से श्रद्धालुओं के जीवन का कल्याण होता है और उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होकर कष्ट दूर हो जाते हैं। उक्त विचार हरिद्वार में सोनीपत जोत महोत्सव के अवसर पर रविवार को श्री सेवा समिति महावीर दल, शिव गंगा सेवा समिति, बालाजी सेवा समिति, जय हनुमान सेवा समिति, हर हर गंगे सेवा समिति, नवयुवक सेवा समिति, महावीर दल गीता भवन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने अपने संबोधन में व्यक्त किए इस अवसर पर यज्ञ, पूजा अर्चना, सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारो का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में साथ चल रहे भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि सावन जोत महोत्सव की परंपरा हिन्दुस्तान-पाकिस्तान के बँटवारे से पूर्व से चली आ रही है और उस समय मुलतान (पाकिस्तान) से श्रद्धालु जोत लेकर माँ गंगा के चरणों में रौद्र रूप के शांत रखने की कामना लेकर आते थे ताकि नदियों में बाढ़ से तबाही न हो। उन्होंने कहा कि माँ गंगा सभी नदियों की देवी है इसलिए गंगा में डुबकी लगाने से सभी तीर्थों के पुण्य का लाभ मिलता है। राजीव जैन ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन वह भी दूसरे प्रदेश में आकर उत्साह एवं उमंग के साथ मनाने से सामाजिक एवं धार्मिक मान्यताएं मजबूत होने के साथ-साथ भाईचारा, प्रेम की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि पंजाबी समाज द्वारा शुरू किया गया जोत महोत्सव आज 36 बिरादरी की आस्था का केंद्र बन गया है। उन्होंने सभी को जोत महोत्सव की बधाई देते हुए मां गंगा के चरणो में सभी के कल्याण एवं उत्थान की कामना की। प्राचीन माया देवी मंदिर से हर की पौड़ी तक पावन जोत लेकर निकली शोभायात्राओ को देखने के लिए बाजारों में जनसैलाब उमड़ पड़ा। शनिवार को जय हनुमान सेवा समिति के तत्वाधान में नंगली बेला आश्रम से भी भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे हनुमान स्वरूप महाराज जी के साथ जय श्री राम के नारे लगाता युवाओं का जत्था मनमोहक दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। कार्यक्रम में निगम पार्षद हरिप्रकाश सैनी, मुनिराम ठोलेदार, इन्दु वलेचा, ममता लूथरा, संजीव वलेचा, महेश लूथरा, बिहारी अरोड़ा, धर्मबीर जाहरी, सोहन लाल बतरा, शशिकरण नासा, महेश, सोनू कालरा, आशु बतरा, श्याम लाल छाबड़ा, राजकुमार ग्रोवर, बलबीर तोमर, तेजेंद्र वशिष्ठ, गौरव भोला, किशोर नारंग काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# ओबीसी मोर्चा 17 सितंबर को जिला स्तर पर मनाएगा विश्वकर्मा जयंती: डा. के. लक्ष्मण

**लाभ मिलेगा**

**प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पिछड़ों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का कार्य करेगी: लक्ष्मण**




**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य डा. के. लक्ष्मण ने कहा है कि भाजपा ओबीसी मोर्चा 17 सितंबर को पूरे देश में जिला स्तर पर विश्वकर्मा जयंती समारोह पूर्वक मनाएगी। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रमुख डा. राजबीर आर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से पिछड़ों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लाने की घोषणा की और 16 अगस्त को मंत्री मंडल की बैठक में इस योजना को स्वीकृति भी प्रदान कर दी। डा. लक्ष्मण ने बताया कि पांच साल की अवधि के लिए 13,000 करोड़ रुपये की वित्तीय लागत वाली इस योजना से बुनकरों, सुनारों, लोहारों, कपड़े धोने वाले श्रमिकों और नाई समेत पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लगभग 30 लाख परिवारों को लाभ होगा.
डा. लक्ष्मण ने बताया कि विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों और शिल्पकारों को 'पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र' और पहचान पत्र के माध्यम से पहचान प्रदान की जाएगी. योजना के तहत उन लोगों को 5 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर के साथ 1 लाख रुपये (पहली किश्त) और 2 लाख रुपये (दूसरी किश्त) तक की ऋण सहायता उपलब्ध कराई जाएगी. उन्होंने कहा कि इस योजना में कामगारों को ट्रेनिंग के साथ साथ मार्केटिंग सपोर्ट भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता जन जन तक इस योजना को पहुंचा कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ लेने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि अपने पैतृक धंधों से जुड़ कर उसमे कुछ नया करना ही इस योजना का विशेष उद्देश्य है ताकि लोग अपने परंपरागत कार्यों से विमुख न होकर उसी को आगे बढ़ाएं।
डा. के. लक्ष्मण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने शासन के नौ वर्ष में निरंतर पिछड़ा वर्ग के कल्याण हेतु कार्य किए। उन्होंने बताया कि अपने मंत्रिमंडल में 27 पिछड़ा वर्ग के मंत्री बनाकर लगभग 30 प्रतिशत भागीदारी अपने मंत्रिमंडल में सुनिश्चित की। उन्होंने बताया कि नवोदय विद्यालय, लॉ विश्वविद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल के साथ साथ नीट एग्जाम में भी 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। जिस कारण लगभग साढ़े चार हजार पिछड़ा वर्ग के छात्रों को मेडिकल शिक्षा में दाखिला मिला।
डा. लक्ष्मण ने बताया कि कांग्रेस हमेशा ही ओबीसी विरोधी रही है। ओबीसी आयोग को जब मोदी सरकार द्वारा संवैधानिक दर्जा दिया गया तो भी कांग्रेस ने इसका विरोध किया। देश का पिछड़ा वर्ग का जन मानुष इस बात को अच्छी तरह जान गया है कि कांग्रेस इस वर्ग की विरोधी है।

# जनता की समस्या का समाधान करना व हल करवाना प्रमुख प्राथमिकता: संदीप गर्ग



**समाजसेवा**

**स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत की, भव्य स्वागत हुआ**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/बाबैन(दलबीर मलिक)** गांव ढंगाली में ग्रामीणों द्वारा रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत की। ग्रामीणों द्वारा संदीप गर्ग का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा हल्के के ग्रामीण व सभी मेरे अपने हैं और उनकी हर समस्या का समाधान करना व हल करवाना उनकी प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अगर लाडवा हल्के की जनता ने 2024 के विधानसभा चुनावों में साथ दिया और विजयी बनाया तो इतने विकास कार्य करवाए जाएंगे कि हल्के की जनता सोच भी नहीं सकती। उन्होंने कहा कि वह दिन-रात हल्के की जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं। वहीं ग्रामीण सुखविन्द्र, सूरजभान, बलविन्द्र, विक्रम, संजू शर्मा, जयपाल, मनोज कुमार, रामशरण, विक्रम, मनोज कुमार, विनोद, बलजीत, गुरचरण आदि ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जितने भी कार्य करवाए जा रहे हैं उनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। वहीं ग्रामीणों द्वारा समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यो को लेकर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया।

# हरियाणा सरकार का रक्षाबंधन पर महिलाओं को तोहफा

**पानीपत: हरियाणा सरकार** ने महिलाओं को रक्षाबंधन का तोहफा देते हुए हरियाणा परिवहन की बसों में इस वर्ष भी मुफ्त यात्रा सुविधा देने का निर्णय लिया है ताकि बहनें अपने भाइयों के घर जाकर राखी बांध सकें। डीसी डॉ वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा राज्य परिवहन द्वारा जनहित में पिछले कई वर्षों से रक्षाबंधन के मौके पर महिलाओं को मुफ्त यात्रा सुविधा प्रदान की जा रही है। इस वर्ष भी पिछले वर्ष की भांति महिलाएं अपने 15 साल तक के बच्चों के साथ इस नि:शुल्क यात्रा सुविधा का लाभ ले सकती हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा की सुविधा 29 अगस्त, 2023 को दोपहर 12 बजे से आरम्भ होगी तथा 30 अगस्त, 2023 रक्षाबंधन के दिन मध्य रात्रि 12 बजे तक रहेगी।

# पिछड़ा वर्ग सम्मेलन ऐतिहासिक होगा: सुरेंद्र सैनी



**उत्साह**

**25 अगस्त को करनाल में होने वाले पिछड़ा वर्ग सम्मेलन के प्रति लोगों के अंदर भारी उत्साह**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी भिवानी खेड़ा ने अपने कार्यालय में कार्य करता हूं कि एक विशेष बैठक बुलाई जिसमें 25 अगस्त को बीपी मंडल की जयंती पर करनाल में आयोजित होने वाले पिछड़ा वर्ग सम्मेलन को लेकर के कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई ताकि सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा पिछड़ा वर्ग से संबंधित से लोगों को ले जाया जा सके मीटिंग के तुरंत बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला प्रधान सुरेंद्र सिंह सैनी ने कहा कि 25 अगस्त को करनाल में होने वाले पिछड़ा वर्ग सम्मेलन के प्रति लोगों के अंदर भारी उत्साह है। उन्होंने बताया कि पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में 25 अगस्त को सुबह 9:00 बजे उमरी चौक फ्लाईओवर के समीप इकट्ठे होकर सम्मेलन के लिए रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन को कामयाब बनाने के लिए हर कार्यकर्ता अपने स्तर पर प्रयासरत है उन्होंने सभी कार्यकताओं का आह्वान किया कि सभी अपने-अपने हल्के में भारी संख्या में लोगों को लेकर पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में पहुंचे सम्मेलन पछड़ा वर्ग की मांगों पर प्रमुखता से विचार कर सरकार पर इन मांगों को पूरा करने का दबाव बनाया जाएगा उन्होंने बताया कि पिछड़ा वर्ग सम्मेलन को पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी सहित अनेक नेता संबोधित करेंगे इस मौके पर सुरेंद्र सैनी ने सम्मेलन के लिए कार्यकताओं की जूतियां लगाई है इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रोशनलाल जांगड़ा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलवान सिंह कणिपला सुषमा कश्यप गुरदीप प्रजापत चिबा सोहन लाल सैनी डोडा खेड़ी हरजिंदर कंबोज बोरखेड़ी दलजीत कंबोज राजेंद्र कीर्ति नगर रूपेंद्र सिंह मामचंद प्रजापत बाबैन मनीष सैनी वाला रामसिंहपुरा सोहनलाल भावी पवन सैनी जगबीर कश्यप मान सिंह कश्यप मुंडाखेड़ा रोशन सेन शेर सिंह बैरागी गुरजीत कंबोज सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शा, ऑटो व थ्री व्हीलर में ना चलाएं स्टीरियो

**पानीपत ,कमाल हुसैन**
**डीसी** वीरेंद्र कुमार दहिया ने शहर की सभी ईझ्ररिक्शा, ऑटो थ्री व्हीलर यूनियनों के प्रतिनिधियों से अपील की है कि वे इनमें चलने वाले स्टीरियो से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि इस बारे में कई बार शिकायतें मिल चुकी है और पिछले दिनों सड़क सुरक्षा सप्ताह की बैठक में भी इस पर कई सदस्यों द्वारा मामला इंगित किया गया था। यह एक आमजन से जुड़ा मामला है इसलिए इस पर ध्यान देना सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है अन्यथा इसमें सख्ती दिखाई जाएगी। शहर में सभी ई रिक्शा और ऑटो चलाने वाले नाबालिगो चालकों के चालान कर उनके ई-रिक्शा और ऑटो जब्त किए जाएं। यही नहीं जिन ऑटो और रिक्शा पर साउंड सिस्टम लगा हुआ है उन सभी को भी उतरवाना सुनिश्चित किया जाएगा।

# प्रतिदिन साइकिल पर नशा मुक्ति जागरूकता का सन्देश देने निकल जाते हैं डॉ. अशोक



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक )**
हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर प्रतिदिन साइकिल पर सवार होकर विभिन्न जिलों में जाकर जागरूकता कार्यक्रम करते हैं। आज प्रातः वे साइकिल पर सवार होकर पीपली से कुरुक्षेत्र और वापस पिपली लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए निकले। विभिन्न युवाओं और लोगों ने उन्हें साइकिल पर चलने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि यदि वे ईंधन चलित वाहन पर निकल जाते तो कोई भी उनसे यह प्रश्न नहीं करता। उनका साइकिल पर चलने का मुख्य कारण यह है कि वे प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँच सकें। साइकिल का साधन सरल, सुगम और दुष्कर मार्ग में भी सरलता से जा सकता है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत उन्हें प्रदेश में नशा मुक्त जागरूकता अभियान चलाने का कार्य सौंपा हुआ है और वे इस कार्य को जन जन तक तभी पहुंचा सकते हैं जब वे धीरे धीरे लोगों के बीच जाकर उनसे मिल सकें।

# शहरवासियों को दी जोत महोत्सव की शुभकामनायें

**सोनीपत/हरिद्वार** : पवित्र श्रावण मास में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोनीपत की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा जोत महोत्सव का पर्व देव भूमि हरिद्वार में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सोनीपत से हजारों श्रद्धालु हरिद्वार पहुँचे औ? जोत महोत्सव में शामिल हुए। नगर निगम सोनीपत मेयर निखिल मदान ने भी इस अवसर पर शहर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा निकाली की गई शोभायात्रा में बतौर मुख्यातिथि हिस्सा लिया और सभी श्रद्धालुओं को जोत महोत्सव की शुभकामनायें दी।

# स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर पुष्प अर्पित किए: स्वीटी रंगा



**याद किया**

**स्वर्गीय राजीव गांधी जी सरल स्वभाव के व्यक्तित्व थे। भारत के सातवें युवा प्रधानमंत्री बने थे**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कांग्रेस के शहरी प्रधान जगमोहन सेठी ने बताया कि शाहबाद के कार्यकताओं द्वारा प्रताप मंडी चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की प्रतिमा पर उनके जन्मदिन के अवसर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी जी सरल स्वभाव के व्यक्तित्व थे ।भारत के सातवें युवा प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने देश के विकास के लिए अनेक प्रभावी योजनाएं बनाई थी जिसमे महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए महिला सशक्तिकरण की नीति ,पंचायती राज व्यवस्था की योजना ,पहले वोट डालने की आयु 21 वर्ष थी उसको कम करके 18 वर्ष कर युवाओं की भागीदारी की थी । ग्रामीण आंचल में बसने वाले बच्चों के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय की नींव , दूरसंचार और कंप्यूटर क्रांति का श्रेय स्वर्गीय राजीव गांधी को ही जाता है ।आज हम संकल्प लें कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी के सपनों का भारत बनाएं। कांग्रेसी नेता दीपक कक्कड़ ने कहा कि हम सब मिलकर केंद्र और हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनाएं। सभी कार्यकर्ता मिल कर कार्य करें ।इस अवसर पर जगमोहन सेठी ,दीपक कक्कड़ ,कर्म सिंह जोगी खेड़ा, मनीष कुमार, राजकुमार, बाग सिंह, सुनील कुमार, अवतार सिंह, काजल देवी, सुनीता देवी, व काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ऋषिकुल विद्यापीठ में 'शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता' का किया गया आयोजन

## आज की नृत्य प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई जिसमें शहर के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

**प्रतियोगिता**

**भारत विकास परिषद द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा**



**नतीजे**

**जजों द्वारा कनिष्ठ और वरिष्ठ प्रतिभागियों में प्रताम द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं के नतीजे घोषित किए गए**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत आज** भारत विकास परिषद की ओर से ऋषिकुल विद्यापीठ गोहाना रोड में 'शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर अतुल जैमिनी ,कार्यक्रम अध्यक्ष हरि प्रसाद मंगला एवं अति विशिष्ट अतिथि रीमा शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर-के किया। विद्यालय के छात्रों द्वारा वंदेमातरम गीत प्रस्तुत किया गया। भारत विकास परिषद द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिनका उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभा को सबके समक्ष लाना व निखारना है। आज की नृत्य प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई जिसमें शहर के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने नृत्य के माध्यम से सभी को सम्मोहित कर दिया। निर्णायक मंडल के जजों द्वारा कनिष्ठ और वरिष्ठ प्रतिभागियों में प्रताम द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं के नतीजे घोषित किए गए। जज भारत शर्मा शास्त्रीय नृत्य विशेषज्ञ दिल्ली से,ईशु हुड्डा शास्त्रीय नृत्य विशेषज्ञ रोहतक से एवं अंजली बिष्ठ शास्त्रीय नृत्य विशेषज्ञ ने चंडीगढ़ से तय समय पर पहुंचकर अपने दायित्व का निर्वहन किया। आज की प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग के विजेता कीर्ति हिंदू विद्यापीठ,अनन्या डीएवी एम०पी० एस,हर्षवर्धिनी ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे और वरिष्ठ वर्ग में गीतांजलि डीएवी एम०पी० एस,अवनि हिंदू सीनियर सेकेंडरी, और राखी हिंदू विद्यापीठ ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया ।कार्यक्रम में मुख्यरूप से भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजीव गुप्ता,नीरज शर्मा,राजीव अग्रवाल,डॉ०रचना गुप्ता,हरिओम उपाध्याय,शरद रेलन,सुरेश पराशर,राहुल शर्मा, विनीत शर्मा,राजेश गुप्ता,मीनाक्षी बत्रा उपस्थित रहे ।आज के इस सफल आयोजन के लिए विद्यालय अध्यक्ष नीरज शर्मा एवं प्रभारी अंजु चौहान का विशेष आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चे अपनी संस्कृति से जुड़े रहते हैं।

# पर्यावरण मंत्री ने किया वन महोत्सव का शुभारंभ

## वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाने वाली रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई के लिए एक पोर्टल फॉर ग्रीन हेल्पलाइन को लांच किया गया

**चलो पेड़ लगाएं**

**इस वर्ष भी हमारी सरकार ने 52 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है: गोपाल राय**






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
दिल्ली के पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय ने रविवार को रोहिणी से छठे वन महोत्सव की शुरूआत की। वन महोत्सव कार्यक्रम के दौरान पेड़, वन एवं वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाने वाली रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई के लिए एक पोर्टल फॉर ग्रीन हेल्पलाइन को लांच किया गया। गोपाल राय ने बताया कि इस पोर्टल पर पेड़ काटने, वन भूमि पर अतिक्रमण, वन्यजीव अपराध आदि को लेकर शिकायत की जा सकती है। इस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। यह पोर्टल वन और वन्यजीव विभाग की कार्रवाई को त्वरित करने में मदद करेगा। कार्यक्रम में विधायक राजेश गुप्ता, आजादपुर मंडी के पूर्व अध्यक्ष आदिल अहमद खान, पर्यावरण मित्र, आरडब्लूए के सदस्य और विभिन्न स्कूलों के ईको क्लब के बच्चों और शिक्षकों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। राय ने कहा कि दिल्ली में जहां साल 2013 में हरित क्षेत्र 20 फीसद था वह केजरीवाल सरकार के प्रयासों के कारण साल 2021 में बढ़कर 23.06 फीसदी हो गया है। दिल्ली सरकार के दूसरे कार्यकाल यानी साल 2020 से जबसे हमारी सरकार बनी है 2022- 23 तक 1 करोड़ 18 लाख पौधे लगाए गए। इस वर्ष भी हमारी सरकार ने 52 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसे 21 संबंधित विभागों की हरित एजेंसियों के द्वारा पूरा किया जाएगा। इसके अलावा लगभग 50 लाख पौधे/झाड़ी एनडीएमसी लगाएगी। गोपाल राय ने उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण की महत्ता समझाते हुए शपथ ग्रहण करवाई और अपील करते हुए कहा कि राज्य को हरा-भरा रखने के लिए ज्यादा से पौधे लगाएं। उन्होंने बताया कि दिल्ली के विधायक एवं पार्षदों की सहभागिता से मुफ्त औषधीय पौधे पूरे 70 विधानसभा क्षेत्रों में वितरित करने का अभियान शुरू होगा।

**पोर्टल की विशेषताएं**

- ग्रीन हेल्पलाइन 1800-11-8600 पर दर्ज की गई शिकायतों पर त्वरित कार्यवाई करने में मददगार।
- ग्रीन हेल्पलाइन पर आई सभी शिकायतें यहां दर्ज की जाती हैं।
- शिकायतों पर वन और वन्यजीव विभाग द्वारा की गई कार्रवाई का विवरण होता है दर्ज।
- विभाग द्वारा की गई कार्रवाई का विवरण हितधारकों द्वारा देखा जा सकता है।

**शिकायतों पर कार्यवाही**

- हेल्पलाईन पर कॉल आती है। शिकायत हेल्पलाईन पोर्टल पर रिकार्ड होती है।
- हेल्पलाईन पोर्टल के द्वारा संबंधित बीट अधिकारी और रेंज अधिकारी को इस शिकायत से संबंधित मेसेज भेजा जाता है।
- इस शिकायत पर की गई कार्रवाई विभाग द्वारा पोर्टल पर डाली जाती है।

## कांग्रेसियों ने राजीव गांधी के 79वें जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि दी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के 79वें जन्म दिवस पर प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में राजीव जी की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। चौ0 अनिल कुमार ने आज प्रातः राजीव जी की समाधि वीर भूमि पर प्रार्थना करने के बाद राजीव भवन में कांग्रेस नेताओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ राजीव गांधी जी को याद किया। राजीव जी को पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार के अलावा अन्य प्रमुख नेताओं में पूर्व सांसद रमेश कुमार, उदित राज, डीपीसीसी उपाध्यक्ष - पूर्व विधायक जय किशन, कम्युनिकेशन विभाग के अध्यक्ष - पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, डॉ. नरेश कुमार, जिला अध्यक्ष, ब्लॉक शामिल थे।

## नूंह हिंसा के विरोध में जंतर-मंतर पर हुई महापंचायत




**जांच जारी**

**विवादित बयान के बाद बीच में ही खत्म, समुदाय को भड़कानेवाली बात इस मंच पर नहीं करनी थी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**हरियाणा** के नूंह हिंसा के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर रविवार को आयोजित महापंचायत को एक महंत के विवादित बयान के बाद बीच में ही खत्म कर दिया गया। ऑल इंडिया सनातन फेडरेशन ने इस महापंचायत का आयोजन किया गया था। इसमें हिंदू संगठन से जुड़े हुए 100 से ज्यादा लोग मौजूद थे। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मंच से ऐलान किया कि किसी भी तरह से समुदाय को भड़कानेवाली बात इस मंच पर नहीं करनी थी, लेकिन फिर भी विवादित बयान दिए गए। इस वजह से महापंचायत को बीच में ही बंद करना पड़ा। बार-बार समझाने के बाद भी मंच पर कुछ लोगों ने भड़काऊ भाषण दिए हैं। सुबह जंतर-मंतर पर पुलिस सुरक्षा के बीच गाजियाबाद के डासना मंदिर के महंत स्वामी यति नरसिंहानंद सरस्वती पहुंचे। उन्होंने मंच पर विवादित बयान दिया। उनका कहना था कि देश में अगर यही हालात रहे तो साल 2029 में देश का प्रधानमंत्री एक मुस्लिम होगा। उनका कहना था कि आज हिंदुओं की धार्मिक यात्रा पर पत्थरबाजी की जाती है। आप समझ सकते हैं कि जब इस समय ऐसे हालात हैं तो साल 2029 तक कैसे हालात होंगे। इस बयान के बाद पुलिस ने तत्काल महापंचायत को रुकवा दिया।

## चीन को बचाना चाहते हैं पीएम मोदी: कांग्रेस नेता पवन खेड़ा

**सावधानी बरतें**

**वह उन्हें प्रमाणपत्र देना चाहते हैं, उन्हें ऐसा करने के लिए क्या मजबूर कर रहा है हम नहीं जानते**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लद्दाख** में पार्टी सांसद राहुल गांधी के बयान पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि पूरा देश यह कह रहा है लेकिन पीएम मोदी चीन को बचाना चाहते हैं। वह उन्हें प्रमाणपत्र देना चाहते हैं, उन्हें ऐसा करने के लिए क्या मजबूर कर रहा है हम नहीं जानते। पवन खेड़ा ने कहा कि पूरा ब्रह्मांड इस बात से हैरान है कि वह उन्हें बचा रहे हैं। पवन खेड़ा ने कहा कि हर जगह और क्षेत्र चाहता है कि उनकी सरकार लोकतंत्र से चले। उनकी बात तभी सुनी जाएगी जब कोई निर्वाचित प्रतिनिधि होगा। इसलिए राहुल गांधी ने जो कहा वह सच है। लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा कई सवाल खड़े करता है। दरअसल लद्दाख दौरे पर गए राहुल गांधी रविवार को लद्दाख की पैंगोंग त्सो झील पहुंचे थे, जहां उन्होंने अपने पिता और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। इसके बाद संवाददाताओं से बात करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा था कि यहां पर तो सब लोग कह रहे हैं कि चीन की सेना घुसी है।
राहुल ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि यहां कोई नहीं आया है जो कि सच नहीं है। आप यहां किसी से भी पूछ लीजिए, वो यही कहेगा। उन्होंने लद्दाख आने की वजह बताते हुए कहा था कि भारत जोड़ो यात्रा के समय हम यहां आना चाहते थे, लेकिन कुछ कारणों के कारण हम यहां नहीं आ पाए।

## गोगी गिरोह के बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार

**शिकंजा**

**संदीप की ओर से चलाई गई गोली स्पेशल सेल के एक इंस्पेक्टर को लगी, कोई हताहत नहीं**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पुलिस** के स्पेशल सेल ने जितेंद्र गोगी गिरोह के बदमाश संदीप उर्फ चोटी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इस मुठभेड़ में आरोपित संदीप के दाहिने पैर में गोली लगी है। वहीं, संदीप की ओर से चलाई गई गोली स्पेशल सेल के एक इंस्पेक्टर को लगी। हालांकि बुलेटप्रूफ जैकेट पहने होने के कारण उन्हें चोट नहीं आई है। आरोपित संदीप पर हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी मांगने और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। स्पेशल सेल के विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने बताया कि आरोपित से एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और दो कारतूस बरामद किए गए हैं। विशेष आयुक्त ने बताया कि 16 अगस्त को स्पेशल सेल की टीम को सूचना मिली थी कि गोगी गिरोह का बदमाश संदीप अपने किसी साथी से मिलने पुष्प विहार इलाके में आने वाला है। इसके बाद पुलिस ने वहां अपनी टीम लगा दी। रात करीब 1:15 बजे पल्सर बाइक से संदीप मुर्गा मंडी के पास आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह तेज गाड़ी चलाने लगा। इसके बाद पुलिस ने उसे पीछा कर रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस ने गोली चलाई तो एक गोली उसके दाहिने पैर में लग गई जिससे वह घायल होकर गिर गया।

## एनसीसीएफ 25 रुपये प्रति किलोग्राम के खुदरा मूल्य पर प्याज बेचेगा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्याज** की बढ़ती कीमतों को देखते हुए सोमवार (21 अगस्त) से खुदरा दुकानों और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) की मोबाइल वैन के माध्यम से 25 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर प्याज उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही आने वाले दिनों में अन्य एजेंसियों और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को शामिल कर प्याज की बाजार में उपलब्धता बढ़ाई जाएगी। यह जानकारी रविवार को उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ओर से दी गई। मंत्रालय के मुताबिक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रमुख बाजारों को ध्यान में रखते हुए बफर से प्याज पहुंचाना शुरू हो गया है। जहां खुदरा कीमतें अखिल भारतीय औसत से ऊपर हैं या फिर पिछले महीने की तुलना में काफी अधिक हैं, उन बाजारों तक प्याज पहुंचाया जाएगा। आज तक बफर से लगभग 1,400 मीट्रिक टन प्याज तय बाजारों में भेज दिया गया है। इसके अलावा प्याज की उपलब्धता बढ़ाने के प्रयास भी लगातार जारी हैं। केंद्र सरकार ने 3 लाख मीट्रिक टन के प्रारंभिक खरीद लक्ष्य को प्राप्त करने के बाद इस वर्ष प्याज बफर की मात्रा बढ़ाकर 5 लाख मीट्रिक टन कर दी। इस संबंध में उपभोक्ता मामलों के विभाग ने एनसीसीएफ और एनएएफईडी को प्रमुख उपभोग केंद्रों में खरीदे गए स्टॉक के कैलिब्रेटेड निपटान के साथ अतिरिक्त खरीद लक्ष्य प्राप्त करने के लिए 1 लाख टन प्रत्येक की खरीद करने का निर्देश दिया है।

## सीबीआई ने दोषी के लिए कठोर सजा की मांग की



**मांग**

**दोषी ठहराए गए इस्पात मंत्रालय के एक पूर्व अधिकारी के लिए सात साल की जेल की सजा की मांग की है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सीबीआई** ने दिल्ली की एक अदालत में छत्तीसगढ़ में कोयला ब्लॉक आवंटन में कथित अनियमितताओं संबंधित मामले में दोषी ठहराए गए इस्पात मंत्रालय के एक पूर्व अधिकारी के लिए सात साल की जेल की सजा की मांग की है।
**सीबीआई ने की सख्त सजा की मांग:** केंद्रीय जांच एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश अरुण भारद्वाज से इस्पात मंत्रालय के जेपीसी (संयुक्त संयंत्र समिति) के पूर्व कार्यकारी सचिव गौतम कुमार बसाक को अधिकतम-सात साल की सजा देने का अनुरोध किया। सीबीआई के उप कानूनी सलाहकार संजय कुमार ने ट्रायल कोर्ट में कहा,'दोषी को अधिकतम सजा दी जा सकती है और न्याय के हित में उस पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है।' सीबीआई ने अदालत से कहा कि दोषी किसी भी तरह की नरमी का हकदार नहीं है, जांच एजेंसी ने दावा किया कि उसने "बहुत गंभीर अपराध" किया है। अब इस मामले में जज 22 अगस्त को अपना फैसला सुनाएंगे।
**18 अगस्त को अदालत ने तय किए आरोप:** कोयला घोटाले में 14वीं सुनवाई में न्यायाधीश ने 18 अगस्त को बसाक को विजय सेंट्रल कोल ब्लॉक के आवंटन में भ्रष्टाचार का दोषी ठहराया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, जनवरी 2007 में कोयला ब्लॉक के लिए आवेदन करने वाली प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के खिलाफ आरोप लगाया गया था कि उसने अपनी शक्ति का गलत इस्तेमाल किया था। मंत्रालय ने बसाक को आरोपित की सच्चाई का पता लगाने का निर्देश दिया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, इस्पात मंत्रालय के अधिकारी ने 2008 में कंपनी द्वारा किए गए दावों का समर्थन करते हुए एक झूठी रिपोर्ट प्रस्तुत की। कंपनी और उसके निदेशक को पहले इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने बरी कर दिया था। उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सीबीआई की अपील फिलहाल उच्चतम न्यायालय में लंबित है।

## दिल्ली में पुलिस के 14 हजार पद खाली



**जी20 की तैयारी**

**मौजूदा समय में दिल्ली पुलिस में सभी स्तरों के 94254 अधिकारियों व कर्मियों के पद स्वीकृत हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में अगले माह जी20 सम्मेलन होने जा रहा है। इसे लेकर सभी महकमे तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोजन के दौरान सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसके लिए दिल्ली पुलिस ने भी अपना पूरा दम लगाया हुआ है, लेकिन इसके विपरीत दिल्ली पुलिस भारी संख्या में कर्मियों की कमी से जूझ रही है। मौजूदा समय में दिल्ली पुलिस में सभी स्तरों के 94254 अधिकारियों व कर्मियों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन फिलहाल अभी यहां करीब 80 हजार कर्मी ही काम कर रहे हैं। इनमें भी बड़ी में कर्मी रोज किसी न किसी वजह से छुट्टी पर रहते हैं। मौजूदा स्थिति के अनुसार फोर्स में 15 फीसदी से ज्यादा पद रिक्त हैं। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 2023 के शुरूआती छह माह में राजधानी में ऑनलाइन-ऑफलाइन कुल 117646 मामले दर्ज हुए, जबकि पुलिस महज 28587 मामलों को ही सुलझा पाई यानी हर दिन औसतन 650 मामले दर्ज हो रहे हैं जबकि पुलिस औसतन महज करीब 158 केस ही सुलझा पा रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पुलिस फोर्स की कमी इसकी एक बड़ी वजह है। अधिकारियों का कहना है कि अमूमन जघन्य अपराध को गंभीरता से लेते उनको जल्द सुलझाने की कोशिश की जाती है, लेकिन उनके चक्कर में दूसरे किस्म के अपराध समय गुजरने के साथ जांच अधिकारी की फाइल में दम तोड़ देते हैं। दूसरी ओर पुलिस फोर्स की कमी से मौजूदा कर्मियों पर काम का दबाव अधिक बढ़ जाता है।
**3000 से ज्यादा कर्मी हर साल हो जाते हैं सेवानिवृत्त:** दिल्ली पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि हर साल दिल्ली पुलिस में औसतन 3000 से ज्यादा कर्मी सेवानिवृत्त हो जाते हैं, जितने कर्मी रिटायर होते हैं, उसकी तुलना में भर्ती कम ही हो पाते हैं। दरअसल किसी भी पद पर पूरी भर्ती प्रक्रिया में एक साल या उससे अधिक का समय लग जाता है, ऐसे में पुलिसकर्मियों की संख्या कम होती जाती है। खाली पड़े पदों की संख्या पर गौर करें तो पुलिस की रीढ़ कहे जाने वाले सिपाहियों और हवलदारों के 10742 पद खाली पड़े हैं। 1950 सब इंस्पेक्टर के पद भी खाली हैं। इसके विपरीत विशेष आयुक्त, संयुक्त आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त के पदों पर स्वीकृत पदों से ज्यादा अधिकारी फिलहाल तैनात हैं। हर साल 3000 से ज्यादा कर्मी सेवानिवृत्त हो जाते हैं।

## 'इलेक्ट्रॉनिक, प्लास्टिक और मेडिकल कचरे की न हो अवैध डंपिंग'

**मांग**

**अदालत ने दिल्ली नगर निगम से कहा कि चूक करने वाली इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई की जाए**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने दिल्ली नगर निगम को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि राष्ट्रीय राजधानी में इलेक्ट्रॉनिक, प्लास्टिक और मेडिकल कचरे की अवैध डंपिंग नहीं हो। अदालत ने कहा कि चूक करने वाली इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरुला की खंडपीठ ने नागरिक निकाय को दिल्ली नगर निगम अधिनियम 1957 के तहत सभी दोषी इकाइयों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। पीठ ने कहा कि एमसीडी यह सुनिश्चित करेगी कि वैधानिक प्रावधान के विपरीत दिल्ली में इलेक्ट्रॉनिक, प्लास्टिक और मेडिकल कचरे की अवैध डंपिंग न हो। एमसीडी डीएमसी अधिनियम की धारा-416 के तहत सभी डिफॉल्ट इकाइयों के खिलाफ उचित कार्रवाई करे और अन्य प्राधिकरण भी दिल्ली में सभी उल्लंघन करने वाली इकाइयों के खिलाफ कानून के अनुसार उचित कार्रवाई करेंगे। पीठ ने एमसीडी को पर्यावरण कानूनों के तहत वैधानिक प्रावधान का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और मानदंडों का उल्लंघन करने वाली इकाइयों और गैर-औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यात्मक इकाइयों के खिलाफ शुरू की गई कार्रवाई को चार महीने के भीतर पूरा करने का भी निर्देश दिया।

## अफसर ने दोस्त की नाबालिग बेटी से बार-बार किया दुष्कर्म

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली सरकार** के एक अधिकारी के खिलाफ पुलिस ने साल 2020 और 2021 के बीच अपने दोस्त की बेटी के साथ कई बार दुष्कर्म करने आरोप में पॉक्सो एक्ट के तहत रविवार को मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपित व्यक्ति ने अपनी पत्नी की मदद से अपने दोस्त की नाबालिग बेटी के साल 2020-21 के बीच कई बार दुष्कर्म किया। शिकायत के बाद रविवार को आरोपित के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपित दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग में उप निदेशक के पद पर कार्यरत है।

**खुलासा** टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि पीड़ित को एक निजी वाहन से अस्पताल ले गए हैं, जहां इलाज के दौरान पीड़ित की मौत हो गई

## किसी और पर करना था हमला, गलतफहमी से राहुल बना युवक का निशाना

**खुलासा**

**मौके से आरोपित को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया, जहां से उसको अस्पताल भेजा गया**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के फतेहपुर बेरी इलाके में युवक की गोलीमार कर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपित को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि शनिवार को रात करीब पौने दस बजे फतेहपुर बेरी इलाके से एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें कॉलर ने बताया कि यह झगड़ा हो गया है और एक व्यक्ति को गोली मार दी है। वह घायल हो गया है, मदद की जरूरत है।
**इलाज के दौरान घायल की मौत:** टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि पीड़ित को एक निजी वाहन से अस्पताल ले गए हैं, जहां इलाज के दौरान पीड़ित की मौत हो गई। मौके से आरोपित को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया, जहां से उसको अस्पताल भेजा गया। साथ ही आरोपित से तीन कारतूस भी बरामद किए हैं। आरोपित की पहचान 39 वर्षीय करण सिंह उर्फ कन्नू पुत्र स्व. राम निवासी फतेहपुर बेरी स्थित, हरस्वरूप कॉलोनी के रूप में हुई है। जबकि पीड़ित की पहचान 26 वर्षीय राहुल पुत्र रामकिशन के रूप में हुई है।
पुलिस के अनुसार, राहुल अपने भाई जय किशन और पिता राम किशन के साथ मकान के अंदर कुर्सियों पर बैठे थे। रात्रि लगभग 09:30 बजे उक्त करण देशी कट्टा लेकर उनके प्लॉट पर आया और राहुल के बायें कंधे पर पीछे से गोली मारकर भाग गया। तुरंत उसके पिता और भाई विक्की ने पीछा कर घर के बाहर पकड़ लिया। मारपीट के बाद आरोपी को पकड़कर पीटा गया।
**पैसे के चल रहा था विवाद:** आरोपित ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसका और उसके भाई जवाहर का संजय उर्फ काला के साथ पैसे को लेकर विवाद है। आरोपियों ने घायल राहुल को संजय उर्फ काला समझकर गोली मार दी, जिसके साथ उसके भाई का पैसों का विवाद था। वहीं, पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शी जय किशन के बयान के आधार पर एफआईआर कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रोटरी क्लब ऑफ रॉयल ने तीन प्रोजेक्ट चलाकर की समाज सेवा

## क्लब के प्रधान जतिन जैन व क्लब की महिलाओं ने संभाली व्यवस्था

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। रोटरी** क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल के द्वारा रविवार को तीन अलग-अलग कार्यकर्म करके प्रधान जतिन जैन ने समाज सेवा पखवाड़े को आगे बढ़ाया । शिव पार्क के सामने रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का उद्‌?घाटन समाप्तदेवी सुशील जैन वीना जैन ने किया। सुशील जैन ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को नया जीवन देने का इससे सराहनीय और सुगम प्रयास नहीं हो सकता। क्लब को अपना सहयोग देते रहेंगी।



रक्तदान शिविर मे 60 रक्तदाताओं ने उत्साह से रक्तदान किया किया। प्रोजेक्ट चेयरमैन अनिल जैन रहे। रोटरी नोएडा ब्लड बैंक और हैदराबादी अस्पताल पानीपत की टीम ने अपना सहयोग दिया। शिविर की व्यवस्था श्वेत गौरव जैन, श्वेत मितल, सचिन बधवा, सुरेंद्र राम, प्रवीण मिचल, नितिन मल जल जैन, अजय जैन, नरेंद्र लाकडा, रोहित गोयल, अजय प्यागी, अनिल जैन, नितिन जैन, जतिन जैन और अन्य उपस्थित थे। उधर क्लब ने हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रोटेरियन महिलाओ ने मेहंदी और विभिन्न गेम्स खेल बैलून-बेंगल रोम में बबीता गोयल प्रोतेक्ट चेयरमैन विजेता रही। बच्चों के सहेच्यू खेत मे हीनर बना बिजेता बनी। अन्य खेलों में निकिता रेनू जैन, प्रख्यात जैन विजेता रहे।, नीलमजेन को तीज क्वीन चुना गया। कार्यक्रम मे सुरति जैन, शिखा, गोपल, निशा जैन, गरिमा जैन, कीर्ति चैन, वैशाली, बत्रा, मनीषा गोयल और अन्य महिलाओं ने हिस्सा लियो। तीसरे कार्यक्रम में क्लब की पहली नेत्रदाता कांता जैन बनी। जैन गली मे रहने वाले क्लब के सदस्य डॉ. दीपक जैन की माता कांता जैन का निधन हो गया था। किसी और कभी जीवन में अंधेरे की बजाए प्रकाश हो इसी मुहिम को लेकर कांता जैन के बड़े बेटे राहुल जैन, छोटे बेटे दीपक जैन और बेटी प्रीति जैन ने अपनी माता के नेत्रदान के लिए सहमति दी।

# सेल्समैन से नकदी लूट का आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद नांगल चौधरी ।** शराब के ठेकों पर सेल्समैन से नकदी लूटने के मामले में थाना नांगल चौधरी और सीआईए नारनौल की पुलिस टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान राहुल उर्फ कल्लू वासी थनवास के रूप में हुई है। आरोपित ने अपने साथियों के साथ मिलकर थाना नांगल चौधरी क्षेत्र में शराब के ठेकों पर सेल्समैन से हथियार के बल पर नकदी लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने मामले को संज्ञान में लेते हुए टीमों का गठन किया और सख्त निर्देश दिए कि आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए। जिनके तहत थाना नांगल चौधरी और सीआईए




नारनौल की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि संदीप वासी घसोला जिला चरखी दादरी ने थाना नांगल चौधरी में शिकायत दी, जिसमे उसने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में देहात में उसने शराब के ठेके ले रखे हैं। एक ठेका गांव बुढवाल और एक ठेका गांव नायन में है। जिन पर रात के समय ठेकों के सेल्समैन से अज्ञात बदमाश हथियार के बल पर नकदी छीन कर ले गए।

## न्यूज फ्लैश

### जिले में रविवार को कोरोना से संक्रमित नहीं मिला कोई पोजिटिव केस : उपायुक्त

**सोनीपत: उपायुक्त** डॉ मनोज कुमार ने बताया कि रविवार को जिला में कोरोना से संक्रमित कोई नया पोजिटिव केस नहीं मिला। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60371 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि अब तक जिला में 60 हजार 85 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला में अब कोरोना को कोई भी एक्टिव केस मौजूद नहीं है। उपायुक्त ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निदेर्शों की पालना अवश्य करें।

### भाकियू (अ) के रामभज मलिक को गोहाना व वेद प्रकाश को राई ब्लॉक का सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया



**राई । भारतीय** किसान यूनियन( अ) की बैठक राय रेस्ट हाउस में रविवार को जिला अध्यक्ष जयभगवान मालिक की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सर्वसम्मति से किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रस्ताव पारित किए हुए नए पदाधिकारी का स्वागत किया । बैठक में किसानों ने सर्वसम्मति से रामभज मलिक गांव खानपुर को गोहाना को ब्लाक प्रधान नियुक्त किया गया। बडोली गांव के वेद प्रकाश को राई ब्लॉक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

रमेश गांव खेवड़ा निवासी को राई ब्लाक अध्यक्ष से मुक्त किया गया है। इसके अलावा बैठक में किसानों ने सर्वसम्मति से सरकार से मांग करते हुए कहा कि बरसात के कारण क्षेत्र के गांव की किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है बहुत से किसानों ने लोन लिया हुआ है सरकार को ऐसे किसानों को राहत देने का कार्य करना चाहिए ताकि किसानों की परेशानी कम हो सके । किसानों ने कहा कि बाजार में फसलों में इस्तेमाल होने वाली दवाइयां 80 प्रतिशत नकली बेची जा रही है जिससे किसानों को भी नुकसान हो रहा है और उनकी फसल भी खराब हो रही है । किसानों ने पारित प्रस्ताव में कहा कि गांव में तालाबों की सफाई न होने के कारण में गंदगी फैलती जा रही है जिसे बीमारियां फैल ने के बाग के साथ पशुपालकों को अपने पशुओं के लिए भी परेशानी का सामना करना पड़ता है । बैठक में काफी संख्या में किसान मौजूद थे ।

### निशुल्क नेत्र जांच शिवर में डॉक्टर सराफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने की आंखों की जांच



**राई:** राजकुमार शर्मा फांउडेशन एवं दृष्टि सेवा समिति द्वारा डॉक्टर सराफ चैरिटी आई हॉस्पिट के चिकित्सकों द्वारा विशाल नेत्र जांच शिविर का आयोजन गांव जगदीशपुर की चौपाल में किया गया । शिविर में राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के पदाधिकारी समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा ने शिविर में अपनी सेवाएं देते हुए कहा कि राजकुमार शर्मा फाउंडेशन का उद्देश्य सेवा ही लक्ष्य है इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए फाउंडेशन राई हल्के में समाज सेवा के रूप में विभिन्न कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा समाज सेवा के लिए गरीब व जरूरतमंद लोगों की भी मदद की जा रही है । शिविर में गांव का आसपास के सैकड़ो जरूरतमंद लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवा कर दवाइयां ली ।

# बिजली आंदोलन को मिला गन्नौर में अपार समर्थन: अनुराग ढांडा



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। गन्नौर क्षेत्र** में बिजली आंदोलन को लेकर रविवार को गांव बड़ी में बिजली आंदोलन जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी में गन्नौर हल्के से पार्टी के वरिष्ठ रणबीर छिक्कारा , युवा नेता विकी खुराना, अंकुश त्यागी, सरोज बाला आदि पदाधिकारियों ने आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा का फूल मालाओं से स्वागत किया । अनुराग ढांडा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा जजपा गठबंधन की सरकार बौखला चुकी है व कांग्रेस भी अपना वजूद खो चुकी है । उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दिल्ली और पंजाब में लोगों के बिजली के बिल जीरो आते हैं उसी तर्ज पर हरियाणा में भी बिजली आंदोलन के तहत लोग आम आदमी पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं। उसके बाद सैकड़ों की संख्या में दिल्ली और पंजाब के लोगों के जीरो बिल की कॉपियां बांटी गई।

# अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल । आज** स्थानीय शहर नारनौल के सब-अर्बन सब डिविजन नारनौल कार्यालय में रविवार को अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की महेंद्रगढ़ जिला ईकाई की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा से प्रदेश कार्यकारिणी के सचिव नरेंद्र यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने संगठन की रीति-नीति से सभी सदस्यों को अवगत करवाया और बारीकी से संगठन के बारे में बताया। उन्होंने बताया अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ एक ऐसा सशक्त कर्मचारियों का संगठन है जो लगातार कच्चे कर्मचारियों की आवाज उठा रहा है। बैठक में सम्मानजनक वेतन रोजगार सुरक्षित मेडिकल पॉलिसी इत्यादि सभी बातों पर विचार विमर्श किया गया।

# द्वापर का बर्बरीक, कलयुग का श्याम : पप्पू शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**

श्री श्याम सहारा परिवार की ओर से आयोजित संगीतमय श्री श्याम कथा रविवार को शुभारंभ हो गया। भव्य निशान यात्रा निकाली गई। जोकि दुर्गा मंदिर सेक्टर 7 पंचकूला से शुरू होकर अग्रवाल भवन सेक्टर 16 तक पहुंची। यात्रा में पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजीता मेहता, पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता सीबी गोयल, पार्षद रितु गोयल, समाजसेवी रोशन लाल जिंदल भी सम्मिलित हुए। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कुलभूषण गोयल ने आयोजकों को बधाई दी और अपनी ओर से हर सहयोग का आश्वासन दिया। श्री श्याम सहारा परिवार के चीफ पैटर्न



रोशन लाल जिंदल, प्रधान सुरिंद्र गोयल, महासचिव रोहित जिंदल ने 23 अगस्त तक आयोजन चलेगा। यात्रा के बाद अग्रवाल भवन सेक्टर 16 कथा विश्वविख्यात कथावाचक श्याम रतन पप्पू शर्मा जी खाटू वाले सुना रहे हैं। पप्पू शर्मा ने बाबा खाटू श्याम के जन्म बारे बताया। उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि भारत के सबसे प्रसिद्ध कृष्ण मंदिरों में से एक खाटू श्याम का मंदिर मुख्य रूप से बर्बरीक नामक महाभारत के दानव को समर्पित है। इसीलिए खाटू श्याम की जीवन कथा की शुरूआत महाभारत से शुरू होती है। मंगलाचरण से कथा का शुभारंभ हुआ। खाटू नरेश की महिमा का वर्णन करते हुए बाबा के जीवन चरित्र का वर्णन किया। उनके विशेष श्रृंगार का उल्लेख किया।

# गौरक्षकों को मिली जान से मारने की धमकी

## अभद्र टिप्पणी पर व्यक्ति के खिलाफ दी थी शिकायत, इसी रंजिश में किया फोन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया जिले के** कस्बा इंद्री में गौरक्षा दल के सदस्यों को फोन कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। दरअसल गौरक्षकों ने हर्ष छिक्कारा नाम के व्यक्ति पर गौरक्षा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर भावनाओं को आहत करने के आरोप लगाए थे। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस को दी। इसके बाद ही उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। इंद्री थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चौगांवा निवासी सचिन शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह गौरक्षा दल, बजरंग दल व अखिल भारतीय हिंदू महासभा का सदस्य है। वह गौ सेवा व समाजसेवा का कार्य करता है। उसका साथी मोहित बाल्यान भी गौ सेवा का कार्य करता है। सचिन ने कहा कि मोहित बाल्यान के पास 18 अगस्त की रात को 10.20 बजे एक नंबर से कॉल आई। वहीं मेरे पास उसी रात 10.27 बजे उसी नंबर से कॉल आई और घर से उठाने की धमकी



दी। इसके साथ गाली गलौज की। साथ ही गौ सेवा में पैसे खाने के बेबुनियाद इल्जाम लगाए। जिस व्यक्ति ने कॉल किया है, उसको वह जानता तक नहीं है।

सचिन ने सोशल मीडिया वीडियो क्रिएटर हर्ष छिक्कारा के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। सचिन ने कहा कि छिक्कारा ने 14 अगस्त को सोशल मीडिया पर लाइव आकर गौरक्षा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद आर्य के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। आजाद आर्य एक समाजसेवी हैं, जो शिक्षण संस्थान भी चलाते हैं। इसलिए उन्होंने ने 15 अगस्त को एसपी शशांक कुमार सावन को मामले की शिकायत दी थी। सचिन ने कहा कि इसी के चलते आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी है।

थाना इंद्री के प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि करनाल में दो गौरक्षकों को एक अनजान नंबर से फोन कॉल कर जाने से मारने की धमकी दी गई है। पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हलके की जनता के लिए हर कदम पर संघर्ष करने को लेकर तैयार: कादियान



**गन्नौर: देवा सोशल** वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि वह जनता के लिए हर कदम पर संघर्ष करने को लेकर तैयार है। जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करना चाहते है। गन्नौर के युवाओं को आगे बढ़ते देखना ही उनका सपना है। इसको लेकर शिक्षा व खेलों में महारत हासिल करने वाले बेटे-बेटियों को उनकी संस्था देवा सोसायटी सम्मानित कर रही है। खेड़ी रोड पर स्थित जाट धर्मशाला में लोगों द्वारा आयोजित सम्मान में समारोह के दौरान समाजसेवी देवेंद्र कादियान बोल रहे थे। इससे पहले धर्मशाला के प्रधान वीरेंद्र राठी समेत अन्य लोगों ने कादियान का फूलमाला से स्वागत किया। धर्मशाला के प्रधान वीरेंद्र राठी ने कहा कि देवेंद्र कादियान ईमानदारी के साथ हलके की सेवा करने में जुटे है। परीक्षा में अच्छे अंक लाने पर बच्चों व खेलों में मेडल जीतने पर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाकर उन्हें सम्मानित करने का काम कर रहे है। जरूरतमंद व असहाय लोग बीमार या किसी हादसे में चोटिल होने पर एक कॉल पर मुफ्त एंबुलेंस सेवा घर पहुंच जाती है। इस तरह से अनेकों कार्य है, जो काम जनता के लिए जनप्रतिनिधि नहीं करवा पाते है। वे सब करवा रहा है। उन्होंने समर्थन देते हुए कहा कि हर कदम पर कादियान के साथ खड़े है।

# बड़ी एचएसआइआइडीसी में बिजली कटों ने उद्यमियों की बढ़ाई चिंता, उत्पादन प्रभावित

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में लगातार लग रहे बिजली कटों से उद्यमी भी परेशान हैं। औद्योगिक क्षेत्र में लगातार लग रहे बिजली कटों से उत्पादन काफी प्रभावित हो रहा है। उद्यमियों को जेनरेटर से उद्योगों को चलाना पड़ रहा है जिससे उन्हें प्रोडक्शन काफी महंगा पड़ रहा है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। औद्योगिक क्षेत्र में करीब 700 कंपनियां हैं। बिजली के कटों के कारण ही कई कंपनियों में काफी नुकसान होना शुरू हो जाता है। कई कंपनियों में ऐसे उपकरण होते हैं जो इस प्रकार बिजली के कटों से उपकरण भी खराब हो जाते हैं। अगर जेनरेटर चलाया जाता है तो इसमें डीजल खर्च भी उद्यमियों को ही भुगतना पड़ता है। उद्यमियों का कहना है कि इस प्रकार के कटों से निपटने के लिए बिजली निगम द्वारा पुख्ता इंतजाम किए जाने चाहिए।

# अरुण ने समर्थकों के साथ विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम में शिरकत की

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़। कांग्रेस** नेता अरुण खत्री सैकड़ों कार्यकताओं के साथ वाहनों का लंबा काफिला लेकर बहादुरगढ़ से हिसार में आयोजित विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए बराही रोड स्थित अपने कार्यालय से रवाना हुए। हिसार रवाना होने से पहले अरुण खत्री ने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, सांसद दीपेंद्र हुड्डा विधायक राजेंद्र सिंह जून सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की जयकारे लगाए। हिसार रवाना होने से पहले



पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेता अरुण खत्री ने कहा कि हिसार में होने वाला विपक्ष के समक्ष कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा । इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा आमजन की समस्याओं को सुनेंगे और उसके उपरांत रैली को संबोधित कर कार्यकताओं को 2024 में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का मूलमंत्र देंगे। अरुण खत्री ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की एक तरफा लहर चल रही है। पूरे प्रदेश में अन्य पाटीर्या छोड़कर पूर्व मंत्री,पूर्व विधायक व नेतागण आए दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं जिसको देखते हुए यह तय है कि 2024 में हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा के तीसरी बार मुख्यमंत्री बनकर प्रदेश को फिर से विकास व जन सुविधाओं के मामले में नंबर वन प्रदेश बनाने का काम करेंगे। अरुण खत्री ने कहा कि भाजपा राज में जनता महंगाई ,बेरोजगारी ,बदहाल कानून व्यवस्था से परेशान परेशान है।

# 'हरियाणा कौशल रोजगार निगम के पोर्टल पर भर्तियों के नाम पर हो रही है धांधली'

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेन्द्रगढ़ । हरियाणा** कौशल रोजगार निगम के पोर्टल पर निजी एजेंसियों द्वारा भर्तियों एवं रोजगार के नाम पर युवाओं को गुमराह कर उनका शोषण किया जा रहा है उक्त विचार सामाजिक कार्यकर्ता लक्कीराव सीगड़ा द्वारा महेन्द्रगढ़ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस दौरान कहे। सीगड़ा ने कहा कि निगम के इंटरप्राइजेज पोर्टल पर कुछ दिन पहले कुछ निजी एजेंसीज द्वारा नर्सरी टीचर एवं ईसीसीई काउंसलर के लिए आवेदन मांगे गए थे जिसके नोटिफिकेशन में अंतिम तिथि 31 अगस्त एवं हरियाणा के ग्यारह जिलों में आवश्यकता दर्शाई गई। तीन दिन बाद ही इस प्रक्रिया



में पहली ऐजेंसी को हटाकर किसी दूसरी एजेंसी का नाम शामिल हो गया और बारह जिलों में आवश्यकता एवं अंतिम तिथि भी घटाकर 26 अगस्त कर दी गई। इस भर्ती के विज्ञापन में शैक्षणिक योग्यताओं में बार-बार बदलाव किया जा रहा है और सही तरीके से प्रस्तुत भी नही किया जा रहा हैं। हरियाणा से बाहर उत्तरप्रदेश के किसी संस्थान को प्राथमिकता दी जा रही हैं। हरियाणा के जिलों में कितने पदों पर एवं किस विभागों में भर्ती की जानी हैं यह भी स्पष्ट नही किया जा रहा है। पोर्टल पर इस तरह की गतिविधियों से इस रोजगार भर्ती प्रक्रिया में धांधली नजर आ रही है। इस तरह की एचकेआरएन एंटरप्राइज प्रकिया से बहुत बड़े स्तर पर युवाओं का फैमिली आईडी डेटा एवं फीस के नाम पर लाखों रुपये निजी कंपनियों के खाते में जाता नजर आ रहा हैं। जो युवाओं के साथ अन्याय और खिलवाड़ हैं। विभाग द्वारा इस तरह की नौटंकी करके युवाओं की आंखों में धूल झोंकी जा रही है । इस तरह के रोजगार के भ्रामक विज्ञापनों से बड़ी संख्या में युवाओं को ठगा जा रहा है। इस मामले के सामने आने के बाद प्रदेश में युवाओं के साथ हो रहे छलावे की काली करतूत भी सामने आ रही है। लक्की सीगड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से इस पूरी भर्ती प्रक्रिया को जांच करवाने और इस मामलें में संलिप्त कर्मचारी एवं अधिकारी सहित निजी एजेंसियों पर भी कार्यवाही करने की मांग की हैं। साथ ही कौशल रोजगार के पोर्टल पर पारदर्शिता के साथ भर्तियों को विज्ञापित करने की अपील भी है ताकि युवाओं को आर्थिक नुकसान एवं गुमराह होने से बचाया जा सकें।

# आकाश बायजूस ने लांच की अपनी सबसे बड़ी बहुप्रतीक्षित परीक्षा एएनटीएचई 2023

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत परीक्षण तै**यारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश बायजूस ने आज अपनी सबसे बड़ी लोकप्रिय और बहुप्रतीक्षित परीक्षा आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम) 2023 के 14वें संस्करण का अनावरण किया। 100% तक छात्रवृत्ति और असाधारण नकद पुरस्कारों के साथ, प्रमुख वार्षिक छात्रवृत्ति परीक्षा सातवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास करने का मौका प्रदान करती है। एएनटीएचई 2023 का लक्ष्य सफलता के लिए एक उल्लेखनीय प्रवेश द्वार बनना है,




जो युवाओं को इंजीनियरिंग या चिकित्सा में उज्ज्वल भविष्य की उनकी आकांक्षाओं के लिए उड़ान भरने के लिए प्रेरित करता है। एएनटीएचई छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ता आकाश में नामांकन कर सकते हैं और एनईईटी, जेईई, राज्य सीईटी, स्कूल/बोर्ड परीक्षाओं और एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी प्रतिस्पर्धी छात्रवृत्ति सहित विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेषज्ञ मार्गदर्शन और सलाह प्राप्त कर सकते हैं। एएनटीएचई 2023 में छात्रों के लिए रोमांचक उपलब्धि यह है कि 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप और कैश अवार्ड के अलावा विभिन्न कक्षाओं के 100 बच्चों को नेशनल साइंस मिशन की 5 दिवसीय यात्रा जीतने का अवसर मिलेगा।

## संपादकीय

# चीन की डगमगाती अर्थव्यवस्था

**दुनिया** के पास अब तमाम वो कारण हैं जिससे यह मानने में कोई गुरेज नहीं कि चीन की अर्थव्यवस्था एक बार फिर बहुत बुरे दौर में है। कोरोना वायरस को लेकर पहले से दुनिया भर में शक की निगाहों से देखे जाने वाले चीन ने भी इस महामारी के चलते जबरदस्त मंदी का दौर देखा। लेकिन तब इसे ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया गया क्योंकि हर कहीं मांग और आपूर्ति की श्रंखला धीमी पड़ गई थी। यह भी सच है उस समय बाजार से ज्यादा लोगों को जान की परवाह थी। इस कारण भी एक तरह से पूरी दुनिया ने ये समझौता कर लिया था कि पहले जान फिर जहान। लेकिन कोविड के धीमें पड़ते ही जब पूरी दुनिया अपनी बरबाद अर्थव्यवस्था को लेकर तमाम तरह के जतन में जुट गई तब चीन में ऐसा क्या हुआ कि पूरी अर्थव्यवस्था जबरदस्त डगमगाने लगी अगर केवल एक वर्ष का अन्तर देखें तो बीते जुलाई के मुकाबले इस बार 2.1 प्रतिशत गिरावट आई। जुलाई 2022 में यह 14.5 प्रतिशत थी जबकि इस बार 12.4 प्रतिशत पहुंच गई। इतना ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय मुद्रो कोष के पिछले साल के आंकड़ेंही सारी कहानी बयां करते हैं।आयात और निर्यात दोनों में गिरावट के चलते चीन की विकास दर 1976 के बादपहली बार घटकर 3प्रतिशत पर आ गई जो कोविड के दौर को छोड़कर सबसे कम थी।परदे के पीछे कहीं न कहीं चीन की सत्ता का खेल भी समझ आता है। गौरतलब है कि चीन ने परमाणु शस्त्रागार की जिम्मेदारी संभालने वाले दो टॉप जनरलों को सफाई का मौका दिए बगैर सीधे बर्खास्त कर दिया।इसे क्या समझा जाए कि बर्खास्त सैन्य जनरलों की जगह कम अनुभव वाले अधिकारियों को बिठाना भ्रष्टाचार से लड़ने की मजबूरी है या वजह सत्ता में बने रहने की जिदपूरी दुनिया को पता है कि वहां की स्थानीय सरकारें कर्ज के बोझ तले दबी हैं, भ्रष्टाचार रोकने के लिए रेगुलेटर कंपनियों पर नकेल कसने की कोशिशें जोरों पर हैं। वहां युवाओं में बेरोजगारी भी अपने रिकॉर्ड स्तर पर है। अर्थजगत के जानकारों का मानना है कि ऐसे हालात थोड़े और समय तक रहे तो चीन के आर्थिक विकास की दर और नीचे जा सकती है। चूंकि वहां खर्चों में पहले ही लगाम लगी है ऐसे में उत्पादन और घटा तो बेरोजगारी अपने चरम पर होगी। मामला केवल सप्लाई और डिमाण्ड तक होता तो भी बात समझ आती।मौजूदा आर्थिक हालात इसी से समझ आते हैं कि चीनीरीयल इस्टेट कारोबार भीजबरदस्त मुश्किलों से घिरा है। सबसे बड़ी रीयल इस्टेट कंपनी एवरग्रैंड लगभग दिवालिया हो चुकी है। सरकार इसे ऑक्सीजन देकर किसी तरह जिन्दा रखे है और कोशिशें हैं कि फिर उठ खड़ी हो।
यदि आईएमएफ के आंकड़ों को देखें तो कहानी साफ है। 2021 में चीन की अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की रफ्तार में थी जो 2022 में 3 प्रतिशत पर आ टिकी।अब 2023 में यह 5.2 प्रतिशत तक बढ़ना अनुमानित है। बावजूद इसके चीन अपनी अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने खातिर कोई कदम उठाता नहीं दिखता। निश्चित रूप से 18 ट्रिलियन डॉलर की चीनी अर्थव्यवस्था अभी काफी सुस्त है। इसे परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स8 यानी पीएमआईसे भी समझना होगा जो एक मिश्रित सूचकांक होता है। इससे मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर का आंकलन होता है। इसमें विभिन्न कारोबारों से जुटे प्रबंधकों की रायशुमारी तथा उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित अंकों से किसी भी कारोबारी गतिविधि का विस्तार और सफलतापता चलती है।

# लोकसभा 2024 का सेमीफाइनल



प्रेम शर्मा

> “ ऐसे में जब पिछले दिनों कांग्रेस ने कहा कि सितंबर में राजस्थान के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी करेगी, भाजपा ने अगस्त में ही दो राज्यों की पहली लिस्ट जारी कर इस माइंडगेम में बढ़त लेने की कोशिश की। अब बारी कांग्रेस की काउंटर करने की है। लोकसभा चुनावों से पहले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों को सेमीफाइनल माना जा रहा है। उनमें से तेलंगाना और मिजोरम को छोड़ा तो बाकी तीन राज्य राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ न सिर्फ बड़े राज्य हैं, बल्कि इन तीनों ही राज्यों में कांग्रेस और भाजपा का सीधा मुकाबला है। कांग्रेस के सामने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकार बचाने की चुनौती है। साथ ही उसकी कोशिश मध्य प्रदेश में भाजपा के लगभग डेढ़ दशक से ज्यादा के शासनकाल को खत्म करना है ”

**लोकसभा** चुनाव से पहले होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर सभी पार्टियों ने चुनावी बिगुल फूंक दिया है। इन विधानसभा चुनावों लोकसभा चुनावों का सेमी फाइनल माना जा रहा है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में होने हैं, लेकिन शुरूआती तीन राज्यों की विशेष अहमियत इस लिहाज से है कि यहां बीजेपी और कांग्रेस में सीधी टक्कर है।बीजेपी ने तो मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लिए 60 प्रत्याशियों की पहली सूची भी जारी कर दी है। हिमाचल प्रदेश और खासकर कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के हाथों हार झेलने के बाद बीजेपी इन तीनों राज्यों में किसी तरह का जोखिम मोल नहीं लेना चाहती। इसीलिए चुनाव आयोग की ओर से चुनाव की तारीखों का ऐलान होने से भी पहले उसने इन दो राज्यों में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर यह संकेत देने की कोशिश की है कि वह चुनाव तैयारियों के मामले में अपने प्रतिद्वंद्वी दलों से काफी आगे है। जहां तक राजस्थान का सवाल है तो प्रत्याशियों की सूची भले न जारी की गई हो, लेकिन दो अहम समितियां द्द चुनाव प्रबंधन समिति और संकल्प पत्र समिति- जरूर गठित कर दी गईं। पहली नजर में, ये कदम बताते हैं कि चुनाव की तैयारियों को लेकर बीजेपी नेतृत्व अन्य दलों के मुकाबले कहीं ज्यादा गंभीर है। लेकिन थोड़ा ठहर कर देखें तो इन कदमों के साथ भी कई किंतु-परंतु जुड़े नजर आते हैं। यही नही विपक्षी का गठबंधन का एकमत न होना भी भाजपा के लिए संजीवनी से कम नही है। हालांकि पिछले कुछ समय से देखा जाए तो कांग्रेस के राहुलगांधी की पद यात्रा को जनता ने सराहा है वही केन्द्र सरकार की साख में महंगाई और बेराजगारी जैसे मुद्दे दाग बनकर उभरे है। ज्ञात हो कि लोक सभा चुनाव के परिणाम 23 मई 2019 को घोषित किये गए थे जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने 303 सीटों पर जीत हासिल की, और अपने पूर्ण बहुमत बनाये रखा और भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 353 सीटें जीतीं थी और भाजपा ने 37.36 प्रतिशत वोट हासिल किए, जबकि एनडीए का संयुक्त वोट शेयर 60.37 करोड़ वोटों का 45 प्रतिशत था। इनमें मध्यप्रदेश में 29 सीटो में से 28 पर भाजपा, छत्तीसगढ़ की 11 में से 9,




राजस्थान की 25 में से 25 सीटों पर भजपाप का परचम लहराया था। जबकि तेलंगाना की 17 में से चार तथा मिजोरम में क्षेत्रीय दल का परचम लहराया था।
निश्चित तौर से चुनावों से काफी पहले प्रत्याशियों के नाम घोषित करने के कई फायदे हैं। एक तो इन प्रत्याशियों को अपने क्षेत्र में काम करने का वक्त मिल जाता है, दूसरे पार्टी नेतृत्व के पास भी इस बात का मौका होता है कि अगर आधिकारिक प्रत्याशी के खिलाफ असंतोष या बगावत जैसी स्थिति बने तो उससे समय रहते निपट सके या संभावित नुकसान को कम कर सके। मगर इसी का दूसरा पहलू यह है कि फैसले से असंतुष्ट तत्व भी जवाबी कदम तय करने का वक्त पा जाते हैं। विरोधी दलों के सामने भी यह मौका होता है कि वे प्रतिद्वंद्वी पार्टी के प्रत्याशी को देखकर और उससे क्षेत्र विशेष में बने जातीय और अन्य समीकरणों का ध्यान रखते हुए अपने प्रत्याशी तय करें। संभवतरू इन्हीं कारणों से बीजेपी ने पहली सूची में उन्हीं सीटों को रखा जहां उसकी स्थिति कमजोर मानी जा रही है। ये सभी सीटें ऐसी हैं जहां पिछले विधानसभा चुनावों में पार्टी को हार मिली थी। जहां तक राजस्थान की बात है तो दोनों अहम समितियों का गठन होते ही इस बात पर चर्चा शुरू हो गई कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को इनमें जगह नहीं दी गई। चर्चा की वजह यह है कि पार्टी नेतृत्व के साथ उनके संबंध बहुत अच्छे नहीं माने जा रहे। बहरहाल, चुनावों में अभी वक्त है और ऐसी चर्चा और जवाबी चर्चा अभी हर दल में उठती और मंद पड़ती रहेगी। इतना जरूर है कि चुनाव आयोग की घोषणा से पहले ही विधानसभा चुनावों के समर का शंखनाद हो चुका है और अब दोनों पक्षों से ऐसे नए-नए दांव देखने को मिलते रहेंगे।चौबीस घंटे सक्रिय रहना और जल्दी फैसला लेकर बढ़त लेना, नई राजनीति का माइंडगेम बन गया है। 2014 में सत्ता में आने के बाद भाजपा ने इस ट्रेंड की शुरूआत की और लगातर मेहनत से सियासी पिच को बेहद प्रतियोगी और लगातर अलर्ट मोड में डाल दिया। कांग्रेस के बारे में कहा गया इन नौ सालों में फैसला लेने और स्टार्ट लेने में देरी करती है, जिसका खामियाजा भी भुगता। खरगे ने प्रेजिडेंट बनने के बाद इससे निकल कर भाजपा की तर्ज पर सक्रियता दिखाई। माना जाता है कि सियासी सक्रियता कहीं न कहीं वोटरों के मनोदशा पर भी असर डालती हैं। कर्नाटक ऐसा पहला चुनाव हाल के सालों में बना, जहां कहा गया कि कांग्रेस ने बीजेपी से पहले पहल की।
ऐसे में जब पिछले दिनों कांग्रेस ने कहा कि सितंबर में राजस्थान के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी करेगी, भाजपा ने अगस्त में ही दो राज्यों की पहली लिस्ट जारी कर इस माइंडगेम में बढ़त लेने की कोशिश की। अब बारी कांग्रेस की काउंटर करने की है। लोकसभा चुनावों से पहले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों को सेमीफाइनल माना जा रहा है। उनमें से तेलंगाना और मिजोरम को छोड़ा तो बाकी तीन राज्य राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ न सिर्फ बड़े राज्य हैं, बल्कि इन तीनों ही राज्यों में कांग्रेस और भाजपा का सीधा मुकाबला है। कांग्रेस के सामने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकार बचाने की चुनौती है। साथ ही उसकी कोशिश मध्य प्रदेश में भाजपा के लगभग डेढ़ दशक से ज्यादा के शासनकाल को खत्म करना है। ठश्रच मध्य प्रदेश का किला बचाने के साथ-साथ राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्ता पाने की कोशिश करेगी। इसे लेकर दोनों ही राष्ट्रीय दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कांग्रेस ने तमाम राज्यों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति से लेकर अलग-अलग राज्यों में चुनाव से जुड़ी समितियों का गठन कर दिया है। बीजेपी ने चुनाव वाले राज्यों में नियुक्ति के साथ-साथ एक कदम आगे जाते हुए छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कुछ सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर मनोवैज्ञानिक बढ़त लेने की कोशिश की है। हाल ही में भाजपा ने राजस्थान में अपनी चुनाव प्रबंधन समिति और घोषणा पत्र समिति का गठन किया, जिसमें राज्य की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया को छोड़कर प्रदेश के तमाम बड़े नेताओं को जगह दी गई। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को दोनों समितियों में न सिर्फ जगह दी गई है, बल्कि उन्हें घोषणा पत्र समिति का अध्यक्ष भी बनाया गया है। हालांकि राजस्थान में अभी तक कांग्रेस ने अपनी उम्मीदवारी का कोई ऐलान नहीं किया है। राजस्थान में उम्मीदवारी का ऐलान करने के लिए भाजपा ने काफी लंबी चौड़ी कवायद कर रही है। इसके लिए देश के चार राज्यों से लगभग 200 विधायक राजस्थान पहुंचे हैं, जिनका काम अगले एक हफ्ते तक हर सीट पर सक्रिय रहकर उसका रिपोर्ट कार्ड तैयार कर अपना फीडबैक हाईकमान को देना है। यह विधायक उस सीट के दावेदारों के बारे में लोगों के साथ-साथ बूथ लेवल से लेकर विधानसभा स्तर तक के ठश्रच से जुड़े लोगों का फीडबैक लेंगे और इस आधार पर सीट पर उम्मीदवारी का फैसला होगा। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ को मिलाकर भाजपा ने पहली सूची में 60 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, राजस्थान में भी बीजेपी के लिहाज से अति कमजोर 19 सीटों का ऐलान भी पहले ही होना था, लेकिन प्रदेश में कुछ महत्वपूर्ण नियुक्तियों के न होने के चलते ऐसा नहीं हो पाया।

## कविता

### कितना अजनबी,पराया सा दिखता है वो।

कितना अजनबी,पराया सा दिखता है वो।
अपनी सांसों में छुपा रखता है वो।

रोजाना रूबरू हो न नहो फिर भी।
जेहन में बसा रखता है वो।

कितनी मासूम है माशूका शायद ।
जाते वक़्त वजूद छोड़ अपना जाता है वो।।

बेरुखी का आलम तो देखिए साहेब।
ख्यालों से अपने भिगा जाता है वो।।

इश्क तो रूहानी रिश्ता है जनाब ।
झुकता मैं हूं,सजदे करा जाता है वो।।

महकती रहे महकती सांसों की डोर,
धमनियों में लहू सा बहता रहता है वो।।

उसकी नेकी का सिला देखिये संजीव।
मुझ फकीर से याराना रखता है वो।।

संजीव ठाकुर

# सुरक्षा बलों में बढ़ता टकराव गहन चिंता का विषय

**तनवीर जाफरी**

**मणिपुर** गत सौ दिनों से भी अधिक समय से हिंसा की आग में झुलस रहा है। हिंसक वारदातों के इस लंबे दौर में हत्याएं ,बलात्कार ,महिलाओं की नग्न परेड,घर व बस्तियां जलाने,बड़ी संख्या में धर्मस्थलों को जलाने जैसी तमाम दुर्भाग्यपूर्ण अपराधिक घटनायें हो चुकी हैं। परन्तु इन सबसे भयावह वारदात है मणिपुर में उन पुलिस व सुरक्षाबलों का विभाजित हो जाना व उनपर पक्षपाती होने का आरोप लगना,जिनपर राज्य में हिंसा को रोकने का जिम्मा है । माना जा रहा है कि यदि सुरक्षा बालों में धार्मिक व जातीय आधार पर विभाजन न हुआ होता तो तो राज्य में इतना खून खराबा हुआ होता न ही इतनी हिंसक वारदातें हुई होतीं। मणिपुर से इस तरह की खबरें हिंसा भड़कने के पहले दौर से ही आनी शुरू हो गयी थीं कि मैतेयी व कुकी समुदाय से सम्बन्ध रखने वाले राज्य पुलिस के सुरक्षा कर्मियों द्वारा अपने अपने समुदाय के लोगों को सरकारी हथियार बांटे गये। तो कहीं शह पाये हुए इन्हीं उपद्रवियों द्वारा थानों व शस्त्रागारों से हथियार लूट लिये गये। जाहिर है जब उपद्रवियों के हाथों में संगीन सरकारी शस्त्र हों और स्वजातीय पुलिस कर्मियों का भी खुला साथ हो तो हिंसा के तांडव को भला राज्य की कौन से मशीनरी रोक सकती है परन्तु जब जब देश के किसी भी राज्य में किसी भी कारणवश हिंसाअत्यधिक बढ़ जाती है या इसकी संभावना होती है और हालात राज्य की पुलिस के नियंत्रण से बाहर प्रतीत होते हैं तो ऐसे में सरकार वहां शांति बहाली के लिये अर्ध सैनिक बल यानी पैरा मिलिट्री फोर्स की टुकड़ियां आवश्यकतानुसार तैनात करती है। यह विश्वास किया जाता है कि अर्ध सैनिक बल निष्पक्ष रूप से कार्य करते हुये अपना कर्तव्यों का पालन करेंगे। अर्ध सैनिक बलों की टुकड़ियां किसी भी राज्य की पुलिस से अधिक प्रशिक्षित व आधुनिक शस्त्रों से लैस होती है। और यदि कहीं यह स्थिति अर्ध सैनिक बलों से भी नियंत्रित होती दिखाई नहीं देती तब वहां या तो सेना तैनात की जाती है या फिर राज्य पुलिस व अर्ध सैनिक बलों को शांति स्थापना के प्रयासों में सेना सहयोग करती है। हमारे देश में केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन संचालित होने वाले अर्ध सैनिक बल है- सीमा सुरक्षा बल, जोकि पाकिस्तान व बांग्लादेश से लगनी वाली सीमाओं पर तैनात रहती है। जबकि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यानी सी आई एस एफ का काम उद्योग एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की सुरक्षा करना होता है। इसी प्रकार केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल अर्थात सी आर पी एफ की तैनाती उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में या आम चुनाव में की जाती है।
इसी प्रकार भारत-तिब्बत सीमा पुलिस आई टी बी पी को तिब्बत व चीन की सीमा पर लगाया जाता है। जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड अर्थात एन एस जी को आतंकवाद के विरुद्ध होने वाले ऑपरेशंस में इस्तेमाल किया जाता है। इसी तरह सशस्त्र सीमा बल को देश की नेपाल व भूटान से लगी सीमा पर तैनात किया जाता है। अर्धसैनिक बालों की इसी श्रेणी में आने वाले एक प्रमुख सुरक्षा बल का नाम है 'असम राइफल्स'।

## विचार

# इक सच के तहफ़्फ़ुज के लिए सब से लड़ी हूँ !

**सुनील कुमार महला**

किसी ने क्या खूब लिखा है –' नारी माता, बहन है, नारी जग का मूल। नारी चंडी रूप है, नारी कोमल फूल।।' आज नारी दुनिया के हर क्षेत्र में अपनी सफलता के झंडे गाड़ रही है और नारी ने आज यह साबित कर दिखाया है कि वह किसी भी स्थिति में पुरूषों से कमतर नहीं है। आज नारी लगातार सशक्त हो रही है, समाज की दिशा व दशा दोनों बदल रही है और पुरूषों के समान हर कार्य कर रही है। हम यह बात कह सकते हैं कि – 'अबला से सबला हुई, देखो नारी आज।नारी के सहयोग से, उन्नत बने समाज।।' बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि आज महिलाएं अपने जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय स्वयं ले रहीं हैं, महिलाएं आज परिवार और समाज के बंधनों से मुक्त होकर अपने निर्णयों की निमार्ता बन रहीं हैं।महिलाओं को सामाजिक असमानता, पारिवारिक हिंसा, अत्याचार और आर्थिक अनिर्भरता जैसे विकारों से छुटकारा पाना है, तो इसके लिए महिला सशक्तिकरण की बहुत जरुरत है और इसी क्रम में आज महिलाएं लगातार आगे आ रहीं हैं। हाल ही में सिविल सेवा परीक्षा परिणामों में लड़कियों का बेहतरीन प्रदर्शन यह साबित करता है कि महिलाएं आज के समय में स्वयं को लगातार सशक्त कर रहीं हैं और देश और समाज के लिए नित नये प्रतिमानों को गढ़ रहीं हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि लगभग 2 दशक पहले तक यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा की चयन सूची में महिलाओं की भागीदारी महज 20 फीसदी ही थी जबकि वर्ष 2019 में ये भागीदारी 29 फीसदी तक पहुंच गई और इस साल ये 34 प्रतिशत रही है, जो बहुत ही अच्छी बात है। बताया जा रहा है और इस बार 933 में से 320 महिलाएं हैं, जो करीब पिछले साल की तुलना में 9 फीसदी ज्यादा है। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि हमारे देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी ने कुछ समय पहले यह बात कही थी कि महिलाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की गई तरक्की भारत में हो रहे बदलाव की झलक पेश करती है। इस साल सिविल सेवा परीक्षा में महिलाओं के शीर्ष चार स्थान हासिल करने का खासतौर पर जिक्र करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि समान अवसर दिए जाने पर बेटियां लड़कों से बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं। वास्तव में,यू.पी.एस.सी. यानी कि संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा का अपने आप में बहुत बड़ा महत्व इसलिए है क्योंकि हमारे देश के प्रशासन को इस परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी ही सक्षम नेतृत्व देते हैं। नारी शक्ति ने सिविल सेवा परीक्षा में उच्च स्थानों को प्राप्त कर यह साबित कर दिखाया है कि वे देश की बागडोर को अपने उज्ज्वल कदमों से एक नयी प्रगति, उन्नयन प्रदान कर सकतीं हैं और देश निर्माण में अपना अहम व महत्वपूर्ण योगदान देकर देश को ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमताएं रखतीं हैं। गौरतलब है कि इस परीक्षा के परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह बात कही है कि इस अमृत महोत्सव के वर्ष में जब देश की आजादी, विकास और प्रगतिशीलता खुलकर सांस ले रही है, उसमें लड़कियों का आगे बढ़कर पहले तीन चार स्थानों पर सफल होना अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है।यह वो नया भारत है जहां लड़कियां कंधे से कंधा मिलाकर लड़कों के साथ चल रही हैं। यह बहुत ही महत्वपूर्ण है कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा–2022 में महिलाओं ने शीर्ष चार रैंक हासिल कीं। इसमें भी सबसे बड़ी बात यह है कि शीर्ष 20 रैंकों में से 12 महिलाओं ने हासिल कीं। पाठकों को यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि सिविल सेवा परीक्षा यानी कि सी एस ई 2021 के दौरान भी 685 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है और इसमें भी टॉप तीन रैंकों पर लड़कियों का कब्जा रहा था। उल्लेखनीय है कि सिविल सेवा परीक्षा वर्ष 2021 में पहली रैंक श्रुति शर्मा ने दूसरी रैंक अंकिता अग्रवाल ने और तीसरी रैंक गामिनी सिंगला ने हासिल की थी। इस परीक्षा में उतीर्ण होने वाले 685 अभ्यर्थियों में सामान्य वर्ग के 244, ईडब्ल्यूएस वर्ग के 73, ओसीबी वर्ग के 203, एससी वर्ग के 105 और एसटी वर्ग के 60 अभ्यर्थी शामिल थे। जानकारी देना चाहूंगा कि इस बार परीक्षा में इशिता किशोर ने पहला स्थान हासिल किया। दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से अर्थशास्त्र (ऑनर्स) में स्नातक, उन्होंने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में राजनीति विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय संबंध को चुना।गरिमा लोहिया ने सिविल सेवा परीक्षा में दूसरी रैंक हासिल की। वे दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोरीमल कॉलेज से वाणिज्य में स्नातक हैं तथा, उन्होंने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में वाणिज्य और अकाउंटेंसी को चुना और तीसरे स्थान पर उमा हरथी एन रहीं हैं, जिन्होंने बी.टेक से स्नातक किया है। वे सिविल इंजीनियरिंग में आईआईटी (हैदराबाद) हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# प्रतिभा का दायरे

**विजय गर्ग**

**किसी** भी बच्चे के भीतर रचनात्मकता की असीम संभावनाएं होती हैं। अगर उसे एक सीमित ढांचे के भीतर समेट दिया जाता है तो उसकी प्रतिभा भी उसी दायरे में सिमट कर रह जाती है। इसलिए बचपन और किशोरावस्था में ही रुचियों की पहचान करके अगर किसी बच्चे को उसकी रुचि के क्षेत्र में जानने-समझने और कुछ करने का अवसर दिया जाए तो पूरी संभावना है कि भारी तादाद में बच्चों की प्रतिभा सामने आएगी और उसका लाभ देश और समाज को मिलेगा। हालांकि शिक्षा व्यवस्था में यह एक बुनियादी पक्ष होना चाहिए और कुछ हद तक इसका खयाल रखा भी गया है, मगर अब सरकार औपचारिक रूप से इस दिशा में एक ठोस पहल करने जा रही है। गौरतलब है कि शिक्षा मंत्रालय स्कूली विद्यार्थियों को वैज्ञानिक पद्धतियों और प्रयोगों से परिचित करा कर उन्हें अनुसंधान और खोज का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 'प्रयास' यानी 'प्रमोशन आफ रिसर्च एटीट्यूड इन यंग एंड एन्सपायरिंग स्टूडेंट्स' योजना शुरू करने जा रहा है। इस योजना का मकसद युवा विद्यार्थियों के बीच वैज्ञानिक चिंतन उत्पन्न करना और साक्ष्य आधारित विज्ञान प्रक्रिया, नवीनता और रचनात्मकता का विकास करना है क यह एक तथ्य है कि बच्चों और किशोरों में खोजने और सीखने की प्रक्रिया काफी तीक्ष्ण होती है। खासकर अगर पढ़ाई-लिखाई के दौरान उनकी रुचि के विषय को निर्बाध तरीके से विकसित होने दिया जाए तो उनकी रचनात्मकता अक्सर कुछ नया खोज लाती है । लेकिन हमारे यहां आमतौर पर निर्धारित पाठ्यक्रम ज्यादातर बच्चों के लिए शिक्षण के ढांचे का एक अनिवार्य हिस्सा होता है और उसी के मुताबिक उन्हें अपनी पढ़ाई पूरी करनी होती है।
इसमें कई वैसे बच्चों की प्रतिभा दबी रह जाती है, जिनकी अभिरुचियों को सही दिशा और उसे समझने का अवसर नहीं मिल पाता है। बल्कि इसके उलट ऐसे मामले आम हैं, जिनमें स्कूली शिक्षा के दौरान कई बार अभिभावक बच्चों को ऐसे विषयों की पढ़ाई में झोंक देते हैं, जिसे उन्हें जबरन पढ़ना पड़ता है।

# अरे ओ सांभा!

**डॉ. सुरेश कुमार**

**कुर्सी** संभालते ही गब्बर ने सांभा को हफ्ता वसूली मंत्री बना दिया। साम्भा पहाड़ी पर बैठे-बैठे चीलें गिना करता था, नहीं जानता था कि एक दिन उड़ के लग जाएगी। कुरता-जेकेट पहन कर अभी लौटा ही था कि सरदार ने पूछा अरे ओ साम्भा, विपक्ष में कितने बचे हैं कुल मिला के यही कुछ उंगली पर गिनने भर के हैं सरदार। साम्भा ने आदत के अनुसार संक्षिप्त जवाब दिया। उंगली पर गिनने भर के !! यह भी क्यों बचे हैं! क्या इन्हें मेरे नाम से डराया नहीं सुना है पप्पु के आदमी हैं। कोई रोसगुल्ला टाइप बोलती है तो कोई बिहारी टाइप बोलता है। हूँ ... अब इनकी खैर नहीं। सबको डराकर अपने पाले में मिलाऊँगा... अरे ओ ईडिया, सीबिया, आइटिया कहाँ मर गये तीनों दौड़ते हुए आए, - हुकुम सरदार ... हमने आपके तलवे चाटे हैं सरदार। इसी वक्त ममतागढ़ और नीतीशगढ़ जाओ और चौक से चिल्ला कर सबको बता कि अब जो गब्बर-गान करेगा उसी को स्पेशल पैकेज मिलेगा। वहाँ जब भी वाशिंग मशीन में धुलाई होगी उनके सारे पाप धोने के लिए हफ्ता वसूली मंत्री सांभा जी अध्यक्षता करेंगे। लूट त्यौहार मनाएंगे, छप्पन इंची सीना दिखायेंगे तो भी अध्यक्षता सांभा जी ही करेंगे। और ये भी साफ बता देना कि जिसे सांभा जी कह देंगे वही राष्ट्रभक्त और भ्रष्टाचारमुक्त माना जाएगा और जिसकी पीठ थपथपा देंगे वही मंत्री-संतरी होगा। ... कुछ और कहना है साम्भा गब्बर ने पूछा। सरदार वो पप्पू और खिच-खिच खूब भाषण दे रहे हैं इन दिनों। लोग छुपछुपा कर उनके भाषणों को सुनते हैं। पिछले चुनाव में इन लोगों ने खूब वोट बटोरे थे। सुना है इस बार भी ऐसा ही कुछ होने वाला है। चुनाव कब है , कब है चुनाव गब्बर ने खैनी थूकते हुए पूछा। अगले साल है सरदार। हम खुद जायेंगे इस बार। ईडिया, सीबिया और आइटिया ... ममतागढ़ और नीतीशगढ़ वालों को बता देना कि इस बार चुनावों में गब्बर खुद आयेगा लंबी-लंबी फेंकने। ईडिया अपने दोनों साथियों सीबिया और आइटिया के साथ नीतीशगढ़ की चौपाल पर है, चिल्ला कर बोल रहा है झ गाँव वालों, खूब वोट डालो।

## न्यूज फ्लैश

### टेकनोलॉजी की दुनिया में टेकनो अपनी सिग्नेचर सीरीज का प्रदर्शन करता है

**गुरुग्राम। टेकनो** मोबाइल - एक वैश्विक प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रांड - ने 11 अगस्त से 13 अगस्त 2023 को अपनी पहली वार्षिक घटना 'वर्ल्ड ऑफ टेकनोलॉजी' का आयोजन किया, जो 16 अगस्त 2023 को दिल्ली के डीएलएफ अवेन्यू में हुआ, जहां पर उसने पोवा 5 सीरीज और मेगाबुक लैपटॉप का अनावरण किया। टेकनो द्वारा भारत में पहली बार आयोजित टेक्नोलॉजी इवेंट ने उसके विभिन्न उत्पाद लाइन और संबंधित एआईओटी श्रेणियों में उसके भविष्यवाणीक उत्पादों की विविध रेंज प्रस्तुत की। इस ब्रांड ने आने वाले त्योहारी मौसम के दौरान प्रमुख राज्यों के सभी टियर 1 और 2 शहरों में इस अविस्मरणीय आयोजन को आगे बढ़ाने की योजना बनाई है।

टेकनो ने भारतीय उपभोक्ताओं की विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुकूलित समाधान प्रदान करने वाले एक नवाचारी प्रौद्योगिकी-नेतृत्व ब्रांड के रूप में खुद को स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। 2023 की शुरूआत से, टेकनो ने छ 20,000 से छ 1 लाख तक के मध्य-उच्च सेगमेंट के लिए अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को संयोजित करने और बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है।

आरिजित तालापात्रा, सीईओ, टेकनो मोबाइल इंडिया, ने टिप्पणी की, ह्लपिछले छह सालों में, टेकनो ने पूरे भारत में अपनी मौजूदगी को महसूस किया है। उत्कृष्ट गुणवत्ता, विशेष दिखावट और शक्तिशाली प्रदर्शन की मिसाल प्रस्तुत करते हुए, हमारे उत्पाद पोर्टफोलियो को 20 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं द्वारा प्रशंसा मिली है।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(कमाल हुसैन)**
**(मो. नं. : 9813507693)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
**(मो. नं. : 9896772006)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**(मो. नं. : 9466035040)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
**(मो. नं. : 98962 76156)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
**(मो. नं. : 94668 87896)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**(मो. नं. : 9991270143)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
**(मो. नं. : 98117 14343)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
**(मो. नं. : 9671232478)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
**(मो. नं. : 94162 71181)**

# कांग्रेस का परिवार निरंतर बढ़ रहा है : सुमिता

## युवाओं ने की कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा, हरियाणा में चल रही है कांग्रेस की हवा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**पूर्व विधायक** सुमिता सिंह ने राम नगर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है, जो सबको साथ लेकर चलती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र का नाश कर रही है, इसलिए सभी मिलकर लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस का साथ दें। इस मौके पर कई नौजवान साथियों ने कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की। इनमें मनप्रीत सिंह, सोनू, राम मेहर, टिंकू, सिकंदर, मिड्डू, सूरज आदि शामिल रहे। नए सदस्यों को कांग्रेस का पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। सुमिता सिंह ने कहा कि अगला चुनाव बीजेपी के लिये बंजर भूमि साबित होगा, इनके नाम का एक भी पौधा नहीं उगेगा। बीजेपी अपने मतदाताओं के साथ विश्वासघात किया है। हरियाणा का जनमानस अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है और बेसब्री से चुनाव का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की हवा चल रही है, जो चुनाव आते-आते आंधी में बदल जाएगी। पिछले चंद महीनों में करीब 30 विधायक एवं पूर्व विधायक दूसरी पार्टियों को छोडकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो चुके हैं



और आने वाले समय में इसमें और तेजी आएगी। उन्होंने हरियाणा में रिकार्ड बेरोजगारी पर चिंता जताते हुए कहा कि हरियाणा में तेजी से बढ़ रही नशाखोरी और अपराध का मूल कारण बेरोजगारी है। क्योंकि रोजगार न होने से या तो लोग नशे के जाल में फंसेंगे या अपराध के दलदल में घिर जायेंगे। आज प्रदेश में बेरोजगारी दर देश में सबसे ज्यादा है।

सुमिता सिंह ने कहा कि भाजपा ने काला धन लाकर हर व्यक्ति के खाते में 15 लाख रुपये देने, हर साल 2 करोड़ रोजगार देने का वायदा किया था। इस हिसाब से 9 साल में 18 करोड़ रोजगार मिलने चाहिए थे, यानी हर परिवार में कम से कम एक रोजगार मिलना चाहिए था। लेकिन आज अकेले हरियाणा में ही 2 लाख सरकारी पद खाली पड़े हुए हैं। पक्की नौकरियों को कौशल निगम के माध्यम से कच्ची नौकरी में बदला जा रहा है या पद खत्म किए जा रहे हैं। पेपर लीक, पेपर रद्द, दूसरे प्रदेशों के लोगों की नियुक्तियां, भर्ती घोटाले, खेल व खिलाडियों को हतोत्साहित करना, गिरता निवेश, बढ़ता अपराध, नशा और पलायन ये आज के हरियाणा की हकीकत है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 तक प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश और विकास में नंबर वन रहे हरियाणा को बीजेपी ने बेरोजगारी, अपराध, महंगाई, नशे और विनाश में नंबर वन बना दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अब अपने वायदों का जिक्र करना भी बंद कर दिया है। वर्ष 2022 तक किसान की आमदनी दोगुनी, महंगाई कम करने के वायदे भी जुमला साबित हुए हैं। आज हमारे नौजवान बेरोजगारी से हताशा में, हताशा से नशा और नशे से अपराध के चंगुल में फंस रहे हैं। अपराध और नशे का मूल कारण बेरोजगारी है। इस अवसर मेवा सिंह पूर्व सरपंच, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, सोनू, महल सिंह चीमा, गुलजार सिंह कक्कड़, राज सिंह, विक्रम सिंह और मंगत सिंह आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य बनने पर राजवीर को मिली बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**जिला के** समाजसेवी और पूर्व सैनिक कल्याण संगठन हरियाणा जिला पानीपत के अध्यक्ष राजवीर शर्मा को दिल्ली के अल्पसंख्यक आयोग पीस कमेटी का सदस्य बनाया गया। रविवार को हरियाणा मुद्गल परिवार जिला रोहतक में एक सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें हरियाणा मुद्गल परिवार ने दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य बनने पर राजवीर शर्मा को सम्मान देते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम मे सभी ने मिलकर राजवीर शर्मा को पटका, शॉल पहनाकर व मुद्गल रतन हरियाणा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया तथा दोपहर बाद जिला पानीपत के वार्ड नं 14 स्थित विकास नगर के समस्त ब्राह्मणों ने मिलकर राजवीर शर्मा को फूल माला पहनाकर व लोई ओढ़ा कर सम्मानित किया। इस मौके पर पंडित सोमनाथ शर्मा, पंडित विनोद शर्मा, पंडित अनिल शर्मा, पंडित अजमेर शर्मा व समस्त ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि एक सामाजिक कार्यकर्ता, मानवाधिकार के रक्षक व पूर्व सैनिक के रूप में मैं ये उम्मीद करता हूं कि मैं अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य की भूमिका सफलतापूर्वक निभाऊंगा।

## रिटायर्ड प्राचार्यों ने महासम्मेलन में उठाई मांगें

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**डीएवी पीजी** कॉलेज में रिटायर्ड हरियाणा कॉलेज प्रिंसिपल एवं टीचर फेडरेशन की ओर से उनकी समस्याओं से संबंधित महासम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणाभर से सरकारी सहायता प्राप्त रिटायर्ड प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने भाग लिया।

सर्वप्रथम कालेज के प्राचार्य डॉ. आरपी सैनी ने सभी विद्वानों का स्वागत किया और कहा कि सभी गुरुओं के बीच पाकर हम गदगद महसूस कर रहे हैं और सभी का आशीर्वाद हमेशा हमारे ऊपर रहा है।



सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए डा. दिल्ले राम ने कहा कि रिटायर्ड प्राचार्य एवं शिक्षकों को समय पर पेंशन नहीं मिल रही, जिसकी वजह से उनको अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सभी ने मांग की है कि उनकी पेंशन ट्रेजरी के माध्यम से मिले और 80 वर्ष से ऊपर के शिक्षकों को केंद्र सरकार की नीतियों के अनुसार पेंशन प्राप्त हो।

सम्मेलन में पंचकूला, अंबाला, करनाल, कुरुक्षेत्र, पलवल, पानीपत, हिसार, रोहतक, सोनीपत, यमुनानगर, महेंद्रगढ़ व कैथल आदि जिलों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। निर्णय लिया गया कि जल्द ही फेडरेशन का चुनाव भी करवाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ आरआर मलिक, डॉ एसबी दीक्षित, यूवी सिंह, डा. एसके गोयल, डा. आरके भारद्वाज, डा. एसपी जैन, डा. आरके मेहंदीरता, आईजी भारती, डा. सीमा शर्मा, डा. रेनू गोसाई, डा. संतोष अत्रेजा व डा. एसएन अरोड़ा तथा हरियाणा के सभी जोन के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## 'मोदी के नेतृत्व में देश कर रहा है तेजी से तरक्की'

### लोगों के काम करवाकर जनता का दिल जीतें पन्ना प्रमुख: ओम प्रकाश धनखड़

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**करनाल की** नीलोखड़ी विधानसभा पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने सभी पन्ना प्रमुखों से अपील की है कि वे पार्टी के काम को आगे बढ़ाने के साथ-साथ लोगों के काम करवाने में भी अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि अगर किसी को बीपीएल कार्ड, परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, पेंशन, आष्युमान कार्ड और चिरायु कार्ड बनवाने में परेशानी आ रही हो तो सभी पन्ना प्रमुख ठीक कराने में उनकी सहायता करें। उन्होंने पन्ना प्रमुखों का आह्वान किया कि सभी की सहायता करें और सभी मतदाताओं और आम लोगों से मेल-जोल बढ़ाएं और मतदाताओं का दिल जीतें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पन्ना प्रमुख 60 वोटरों का सेवादार बनकर सेवा करें, यही भारतीय जनता पार्टी का कंसैप्ट है। हम भारत माता की हर स्तर पर सेवा करना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। वसुधैव कुटुम्बकम की नीति पर चलते हुए दूसरे देशों की सहायता कर सकें, इसके लिए हम भारत को मजबूत वैभवशाली और शक्तिशाली बनाना चाहते हैं। इस मौके पर उन्होंने



**सम्मेलन**

**अगर किसी को बीपीएल कार्ड, परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, पेंशन, आष्युमान कार्ड और चिरायु कार्ड बनवाने में परेशानी आ रही हो तो सभी पन्ना प्रमुख ठीक कराने में उनकी सहायता करें: ओमप्रकाश**

आजादी के लिए बलिदान हुए समस्त वीरों तथा हाल ही में लेह लद्दाख में शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि दी।

ओमप्रकाश धनखड़ ने कांग्रेस की नीति और नीयत पर सवाल उठाते हुए उन्हें मायावी भी बताया और कार्यकर्ताओं को इनसे सचेत रहने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि इस बात को कभी भूल मत जाना कि धारा-370 लगाई किस पार्टी ने थी और तोड? वाली पार्टी कौन सी है। भाजपा ने जब जम्मू-कश्मीर से 370 हटाई तो 370 लगाने वाली कांग्रेस ने हटाने का भी विरोध किया है। भगवान राम को बाबरी मस्जिद में और टैंट में बैठाने वाली भी कांग्रेस पार्टी ही है।

अब भाजपा ने भगवान राम का भव्य मंदिर बनाकर न केवल अपना वादा पूरा किया, बल्कि भारत की आस्था का भी सम्मान किया।

उन्होंने कहा कि आजादी के आदोलन में तीन लाख 27 हजार लोगों ने बलिदान दिया। लगभग साढ़े 12 हजार सेनानियों को अंग्रेज शासकों ने कोर्ट से फांसी की सजा दिला दी थी, इनमें शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव जैसे बलिदानी शामिल हैं। रामप्रसाद बिस्मिल, राजेंद्र लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह व अशफाक उल्ला खां जैसे क्रांतिकारियों ने अपने जीवन का बलिदान दिया।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि देश का विभाजन होगा तो मेरी लाश पर होगा, लोग गांधी जी पर भरोसा करते थे, लेकिन उन्हीं की पार्टी ने विभाजन स्वीकार कर लिया। दस लाख लोग मारे गए। भगत सिंह का गांव पाकिस्तान में चला गया। करतापुर साहिब पाकिस्तान में चला गया। उन्होंने कहा कि इस इतिहास को भूलना नहीं है इसे याद रखना है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस से ईर्ष्या थी। नेता जी ने अंडेमान निकोबार द्वीप समूह में झंडा फहराया था और उस समय उनकी सरकार को 19 देशों ने मान्यता भी दी थी, लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने झंडे को हटा दिया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी की सरकार में फिर से झंडा लगाया गया, लेकिन उसके बाद फिर हटा दिया गया, जिससे यह सिद्ध होता है कि कांग्रेस को नेता जी से ईर्ष्या रही है। अब मोदी सरकार ने ऐसा झंडा लगा दिया है कि जिसे कोई सरकार नहीं हटा सकती। द्वीप का नाम ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर रख दिया है। इंडिया गेट पर उनकी प्रतिमा लगाई और राजपाथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया है। भाजपा ने नेताजी को पूरा मान-सम्मान देने का काम किया है।

## प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को करना चाहिए रक्तदान: डा. विनोद



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**159 बार रक्तदान** और 74 बार प्लेटलेट्स दान करने वाले पुलिस विभाग में सर्वोच्च रक्तदाता डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा नागरिक अस्पताल में 468वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कमल मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे, जबकि भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक ने अध्यक्षता की। शिविर में अनके बार रक्तदान कर चुके रामकुमार, मनोज कुमार एवं सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव दविन्द्र सचदेवा ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

डॉ. विनोद कमल ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान एक अति पुण्य का कार्य है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भले कार्यों में सदैव आगे बढ़ते रहो। कुलबीर सिंह मलिक ने शिविर के प्रारंभ में रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदाता द्वारा दिया गया रक्त जीवन रक्षा में महत्वपूर्ण होता है। अति विशिष्ट अतिथि पधारे दविन्द्र सचदेवा ने शिविर के संचालन में सहयोग किया। क्षेत्रीय रक्त संचरण अधिकारी डॉ. संजय वर्मा की अध्यक्षता में रक्त संग्रह किया गया।

राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित एवं शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि रक्त की एक-एक बूँद बहुमूल्य है। रक्त सडकों पर सडक दुर्घटनाओं और लडाई झगडे में नहीं बहना चाहिए, अपितु यह मनुष्य की नाडि?ों में बहे। शिविर में रविंद्र कुमार, बलविंद्र सिंह 36वीं बार, संदीप कुमार, अंकुश वर्मा खिप्पल, मनोज कुमार, अनवर, सुनील तंवर, रोहित, गौरव, शुभम, दीपांशु, नीरज शाह, मैढ़ क्षत्रिय सुनार सभा के प्रधान राम भजन वर्मा, मूर्ति देवी, गौरव वर्मा, दयानन्द, राम कुमार आदि मौजूद रहे।

# बड़ा गांव में गर्भवती महिला संदिग्ध हालत में फंदे पर लटकी मिली

## मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या कर फंदे पर लटकाने के लगाए आरोप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**बड़ा गांव** में 9 माह की गर्भवती महिला संदिग्ध हालत में फंदे पर लटकी मिली। चार साल पहले ही महिला की शादी हुई थी। मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या कर फंदे पर लटकाने के आरोप लगाए हैं। वहीं दूसरी ओर सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के उपरांत मायका पक्ष के हवाले कर दिया। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विवाहिता के भाई ने बताया कि चार साल पहले उसकी बहन 23 वर्षीय आरजू निवासी सालवन की शादी बड़ा गांव निवासी शुभम के साथ हुई थी। जब से शादी हुई तब से आज तक उसकी बहन को दहेज के लिए परेशान किया जा रहा था। अब उसकी बहन 9 माह की गर्भवती थी। उसकी सास, पति व ससुर उसे डिलीवरी के लिए ससुराल भेज रहे थे, लेकिन बहन मायके नहीं जाना चाहती थी। भाई का आरोप है कि जब वह मायके जाने के लिए राजी नहीं हुई तो हत्या करके उसे फंदे पर लटका दिया। विवाहिता के परिजनों ने बताया कि शनिवार दोपहर बाद महिला थाने से उनके पास फोन आया कि आपके खिलाफ कंप्लेंट आई है। आप अपनी बेटी को लेकर महिला थाने में आ जाओ। जब वह अपनी बेटी को लेने के लिए उसके ससुराल गए तो वहां पर उन्हें कोई नहीं मिला। घर ताले लगे हुए थे। जब



बेटी के कमरे का पर्दा हटाकर देखा तो वह फंदे पर लटकी हुई थी, जबकि उसकी 2 साल की बेटी अपनी मां को फंदे पर लटकी

**जांच जारी**

**जब से शादी हुई तब से आज तक उसकी बहन को दहेज के लिए परेशान किया जा रहा था**

देखकर बिलख-बिलख कर रो रही थी। परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी की हत्या करके पहले ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे फंदे पर लटकायाए, बाद में उसकी 2 साल की बेटी को घर पर ही छोडकर महिला थाने गए। उसके बाद वहां से उनके पास फोन किया। परिजनों का आरोप है कि आरोपियों ने ऐसा इसलिए किया, ताकि उन पर कोई शक न हो। विवाहिता के मायके वालों का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग उनकी बेटी को दुखी कर रहे थे। दहेज के लिए प्रताडित करते थे। बेटी को बार-बार बोलते थे कि घर से रुपए लेकर आए।

जब दहेज के लोभियों की मांग को पूरा नहीं किया तो बेटी के साथ मारपीट करने लगे। ससुराल में बेटी पर अत्याचार होता रहा। तमाम सितम सहती रही, मगर परिजनों को बताया तक भी नहीं। जब मारपीट कर घर से निकाल दिया तो उसने आपबीती बताई। विवाहिता के ससुर का कहना है कि वह सुबह ही खाना खाने के बाद घर से चला गया था। सुबह ही आरजू ने उसके साथ लड़ाई की थी। जब उसकी पोती उसके साथ खेल रही थी। उसको पीटकर अपने कमरे में लेकर गई थी। इसके बाद वह काम करने लिए खेत में चला गया था। शाम को जब वह घर पर आया तो घर पर पुलिस आई थी। उनका कहना है कि आरजू ने खुद ही लडाई की और बाद में जब उसका बेटा और उसकी पत्नी करनाल महिला थाने में गए तो उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना कुंजपुरा के प्रभारी तरसेम चंद के बताया कि मायके पक्ष के लोगों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आज विवाहित का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिवार के हवाले कर दिया गया।

## न्यूज फ्लैश

### हिस्ट्रीशीटर बदमाश को भेजा जेल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
चौथ वसूली के मामले में वांछित चल रहे हिस्ट्रीशीटर बदमाश को थाना मगोर्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, न्यायालय से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार ने बताया कि रविवार को थाना मगोर्रा पुलिस द्वारा चौथ वसूली के अभियोग में वांछित चल रहे हिस्ट्रीशीटर बदमाश हरेश उर्फ टालू पुत्र स्व. गिर्राज सिंह निवासी सहजुआ थोक कस्बा सौख थाना मगोर्रा को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। टालू थाने के हिस्ट्रीशीटर बदमाश है जिसके विरूद्ध संगीन धाराओं में थाना मगोर्रा पर करीब डेढ दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हो चुके हैं।

### चेक बाउंस होने पर न्यायालय ने एक वर्ष कारावास, 10 लाख अर्थदंड की सुनाई सजा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गोवर्धन निवासी व्यापारी को झांसे में लेकर रुपए ऐंठ लिए जाने पर न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर राधाकुंड निवासी एक प्रापर्टी डीलर को दस लाख रुपए अर्थदंड तथा एक वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। गोवर्धन निवासी गिरधर प्रसाद ने गत वर्ष बारह जनवरी 2010 को न्यायालय अपर सिविल जज के यहां वाद दायर कर आरोप लगाया है कि राधाकुंड निवासी एक प्रॉपर्टी डीलर ने गत 5 अप्रैल 2009 को उसने जमीन खरीदने के लिए साढ़े छः लाख रुपयों मांगे। वादी गिरधर प्रसाद ने जमीन खरीदने के लिए प्रॉपर्टी डीलर को यह धनराशि दे दी थी। प्रतिवादी द्वारा रुपए लेने के बाद यह धनराशि वादी को नहीं लौटाई गई। इस दौरान बहुत ज्यादा तकादा करने पर प्रतिवादी ने निर्धारित धनराशि का चेक वादी को दिया जो बाउंस हो गया। इससे परेशान होकर वादी गिरधर प्रसाद ने 12 जनवरी 2010 को न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय मथुरा ने दोनों पक्षों को सुनकर वादी गिरधर प्रसाद के पक्ष में फैसला सुनाया और प्रतिवादी प्रॉपर्टी डीलर को एक वर्ष कारावास और दस लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

### रास्ते को कब्जा मुक्त कराने की मांग

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कोसीकलां के गांव बरचावली निवासी हरे कृष्ण पुत्र रामहरी ने गांव के ही कुछ लोगों पर मंदिर के रास्ते को अवरुद्ध करने का आरोप लगाते हुए समाधान दिवस में एक शिकायती पत्र देते हुए उसकी प्रतियां मुख्यमंत्री, मानवाधिकार आयोग, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी को भेजी है। आरोप है कि वह 18 अगस्त शुक्रवार को किसी कार्य से बाहर गया था। तभी पीछे से गांव के ही करीब आधा दर्जन लोगों ने जेसीबी से मंदिर जाने वाले रास्ते पर मिट्टी डाल दी है, जिसके चलते मंदिर का रास्ता अवरुद्ध हो गया है। पीड़ित ने रास्ते को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है।

### चोरी की मोटरसाइकिल व गांजे के साथ पकडा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
चौकी इंचार्ज अरतौनी थाना बल्देव प्रविन्द्र कुमार ने बताया कि अभियुक्त अमित पुत्र बसन्तलाल निवासी ग्राम अमीरपुर छौली थाना बलदेव को चोरी की मोटर साइकिल तथा अवैध गांजे के साथ रविवार को ग्राम हथौड़ा से मस्जिद जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अवैध गांजा बरामद होने पर अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में पंजीकृत किया गया। थाने पर दर्ज एक अन्य मामले में पुलिस को अमित की तलाश थी।

### बिजाहरी में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
राया क्षेत्र के गांव बिजाहरी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला की मौत विषाक्त के सेवन से हुई है। महिला की मौत के बाद किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची थाना राया पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी अजय किशोर के मुताबिक बिजाहरी निवासी मुकेश की 32 वर्षीय पत्नी गुंजन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना मिली थी। मुकेश के साथ गुंजन की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व हुई थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला ने विषाक्त का सेवन किया है, इसकी जानकारी होने पर परिजन महिला को उपचार के लिए अस्पताल ले गये थे जहां उसकी मौत हो गई। मामले की जांच की जा रही है।

# कांग्रेसियों ने मनाया पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का 79वां जन्मदिवस

**संचार क्रांति**

8 राजीव गांधी ने सर्वप्रथम इस देश को डिजिटल इंडिया का नारा दिया



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी को 79 वां जन्मदिन जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय सेठ बाडा मथुरा पर मनाया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को याद किया। चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि राजीव गांधी का जन्म ऐसे समय में हुआ जब देश स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन की लड़ रहा था। उच्च शिक्षा प्राप्त कर राजीव गांधी ने भारत की एयर इंडिया कंपनी में नौकरी प्रारंभ की, राजीव गांधी बहुत ही अच्छे इंजीनियर थे और उसके बाद पायलट बने जब इनकी मां इंदिरा गांधी की कुछ अराजक तत्वों ने हत्या कर दी, उस समय इन्होंने देश की बागडोर संभाली और भारत को 21वीं सदी में पहुंचाया। राजीव गांधी ने सर्वप्रथम इस देश को डिजिटल इंडिया का नारा दिया। राजीव गांधी को संचार क्रांति का जनक कहा जाता है, कंप्यूटर, मोबाइल जैसी चीजें किसान को एक दूसरे से जोड़ने का माध्यम, दूर बैठे हुए व्यक्ति को अपने लोगों से बात करना सुलभ करवाया। इसके पश्चात राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था को लागू किया, ग्रामीण स्तर पर किसान की सत्ता में भागीदारी आम आदमी की सत्ता में भागीदारी को सुनिश्चित किया। कार्यक्रम में विनोद चतुर्वेदी, पंडित आशीष चतुर्वेदी, बृजेश शर्मा एडवोकेट, आबाद खान, महेंद्र सिंह पांडव, रोशन लाल, अखलाक खान, पंडित मनोज गौड़, मोहम्मद दिलशाद, ठाकुर प्रियपाल सिंह, हर्ष कुमार चौधरी, विजय सिंह, दौलतराम गोला, पूरन सिंह, गिराज सिंह छौकर, अबरार फारुकी, सुरेश शर्मा, निजामुद्दीन, सतीश शर्मा, साहब सिंह, राजू अब्बासी, बंटी, सुरेंद्र, इलियास, सिम्मी, बबलू, मनोज, शीतल, अशोक, पप्पू, डब्बू शर्मा, मोहनलाल, संतोष, शेखर, राजवीर, धर्मवीर, लोकेश, रोहतास, रोशन सिंह, सुरेंद्र मलिक, प्रतीक बर्मा आदि उपस्थित रहे।

## हरियाली तीज पर ट्रैफिक पुलिस का दिखा जुदा अंदाज

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन की यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के साथ सेवा प्रकल्प से जुड़ी यातायात पुलिस का अंदाज इन दिनों लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। यातायात प्रभारी रवि भूषण शर्मा कभी अधीनस्थों के साथ सड़कों के बीच वाहनों को कतार बद्ध तरीके से लगाने की अपील करते देखे जा सकते है, तो कभी सख्ताई के साथ ई रिक्शा चालकों को अनुशासन का पाठ पढ़ाने के साथ साथ श्रद्धालुओं को पेयजल और फल वितरित करते नजर आते है। जिसे देख हर कोई योगी सरकार की यातायात पुलिस की प्रशंसा करता नजर आ रहा है। ऐसा ही कुछ नजारा हरियाली तीज पर्व पर देखने को मिला। जहां एक ओर



उच्चाधिकारियों के आदेश पर मंदिरों के आसपास चैपहिया वाहन व ई रिक्शाओं के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। वही ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ जब योगी सरकार की पुलिस श्रद्धालुओं को पेयजल और फल वितरित करती दिखी तो लोग अपने शब्दों में प्रशंसा करते नजर आए। जिसके चलते श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

## दस सितम्बर को होंगे अग्रवाल सभा के चुनाव

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
श्री कोसीकलां अग्रवाल सभा के चुनावों दस सितम्बर को होंगे। चुनाव अधिकारी ने चुनावी कार्यक्रम की घोषणा कर तैयारियों की रूपरेखा तय की। साथ ही उन्होंने पदाधिकारियों का चुनाव के लिए आम सहमति के जरिए भी कराने के प्रयास को दोहराया। श्री अग्रवाल सभा के चुनाव के लिए अशोक आचार्य को चुनाव अधिकारी चुना गया था। उनके सहयोगी के रूप में राहुल जैन कामियां, विनोद जैन एवं राहुल अग्रवाल एडवोकेट को चुना गया था। रविवार को चुनाव अधिकारी ने अपने टीम के साथ पत्रकार वार्ता कर चुनावी कार्यक्रम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि चुनावों के लिए अभी तक 2500 मतदाता हैं। मतदाताओं को जोड़ने का काम अभी भी जारी है। लोग सभा के मतदाता बन सकते हैं। इसके अलावा 25 से 27 अगस्त तक चुनाव के लिए नामांकन किया जाएगा।



28 व 29 अगस्त को नाम वापसी होगी। इस बीच आपसी सहमति से भी पदाधिकारियों का चुनाव कराने का प्रयास किया जाएगा। अगर ऐसा संभव नहीं हुआ तो फिर दस सितम्बर को मतदान के जरिए चुनाव कराया जाएगा। मतदाता सुबह आठ बजे से चार बजे तक होगा। जिसके बाद मतगणना एवं चुनावी परिणाम घोषित किए जाएंगे। उन्होंने सभी लोगों से चुनावी प्रक्रिया में सहयोग की अपील की है।

## ठाकुर जी ने भक्तों को रिझाया

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाली तीज के मौके पर कोसीकला के मंदिरों में ठाकुरजी झूलों में झूलती झांकियों देख श्रद्धालु रीझ गए। अपने आराध्य की छवि को भक्त अपलक निहारते रहे। मंदिरों में अनेक आयोजन हुए।
मंदिरों में हिंडोला सजाने और झूलनोत्सव मनाने का क्रम जारी है। दाऊजी मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, राधा माधव मंदिर, भगवती मंदिर, पथवारी देवी मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, बालाजी मंदिर, बड़े महादेव मंदिर सहित तमाम मंदिरों में ठाकुर जी के हरी पोशाकों में झांकी सजाई।
दर्शनों को श्रद्धालु मंदिरों में देर रात तक डटे रहे। दाऊजी मंदिर में फव्वारे सभी के आकर्षण का केंद्र बने हुए थे।

## फिल्म निर्माता अनिल शर्मा पहुंचे वृंदावन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मशहूर फिल्म निर्माता अनिल शर्मा शनिवार की देर शाम करीब साढे दस बजे वृंदावन पहुंचे। परिवार के साथ आये फिल्म निर्माता ने ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में ठाकुर जी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। गदर, गदर 2 सहित कई सफल फिल्मों का निर्माण कर चुके अनिल शर्मा मूलरूप से मथुरा के रहने वाले हैं। वह अपने प्रख्यात ज्योतिष रहे दादा की मौत के कुछ दिन बाद पिता के साथ कम उम्र में ही मुंबई चले गये थे। अनिल शर्मा बेटा फिल्म अभिनेता उत्कर्ष शर्मा, बेटी तथा पत्नी के साथ वृंदावन आये। रविवार को उन्हों सपरिवार मथुरा में यमुना पूजन भी किया। उत्कर्ष शर्मा ने गदर 2 फिल्म में चिरंजीत उर्फ चीते का रोल निभाया है, जिसे दर्शकों की प्रशंसा मिली है। उत्कर्ष शर्मा ने कहा कि गदर और गदर 2 दोनों ही फिल्मों को दर्शकों का प्यार मिला है।
परिवार के साथ वह ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन करने एवं आभार जताने पहुंचे। हरियाली तीज की देर सांय वृंदावन पहुंचे अनिल शर्मा ने परिवार के साथ भगवान बांके बिहारी जी के दर्शन किए और उनको झूला झुलाया। इसके बाद मंदिर सेवायतों द्वारा भगवान का अंग वस्त्र और प्रसाद भेंट किया गया, वहीं मंदिर में अनिल शर्मा और बेटे उत्कर्ष शर्मा को देख उनके फैन्स सेल्फी लेने के लिए आतुर नजर आए।



# बच्चे को पैर पकड़ कर सड़क पर मारने का वीडियो आया सामने

**भेजा जेल**

8 -सिरफिरे साधु वेशधारी को पुलिस ने भेजा जेल, कराया जाएगा मानसिक परीक्षण

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
राधा कुंड परिक्रमा मार्ग में शनिवार की शाम को हुई दर्दनाक घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में सिरफिरा साधु वेशधारी बच्चे को दोनों पैर पकड़ कर इस तरह सड़क पर पटक कर मार रहा है जैसे कोई धोबी घाट पर कपडा पीट रहा हो। वीडियो को देख कर लोग गुस्से का इजहार कर रहे हैं। शनिवार को भी घटना के बाद पुलिस को लोगों के आक्रोश का सामना करना पडा था। पुलिस का कहना है कि पकडे गये साधु वेशधारी को भेज भेज दिया गया है। उसका मानसिक परीक्षण कराया जाएगा। थाना क्षेत्र के राधाकुंड परिक्रमा मार्ग पर शनिवार शाम एक साधु वेशधारी ने पांच साल के मासूम को सड़क पर पटक पटक कर मार डाला। घटना से गुस्साए राहगीरों ने आरोपी को मौके पर ही पकड़ कर जमकर पीटा, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना शनिवार शाम करीब पांच बजे की है। रामपुर जिले के शाहाबाद थाना क्षेत्र के बंदार निवासी हरपाल सैनी पुत्र ऊदल सैनी अपनी ससुराल कुम्हार मोहल्ला, राधाकुंड में रहते हैं। उनका पांच साल का बेटा अंकित घर से थोड़ी दूरी पर स्थित राधारानी परिक्रमा मार्ग पर गोपाल कुंड के पास खड़ा था। इसी दौरान साधु वेशधारी 60 वर्षीय ओमप्रकाश निवासी भिंड, मुरैना, मध्य प्रदेश पहुंचा। उसने अंकित को गोदी में उठा लिया और कुछ देर इधर उधर घूमने लगा, फिर अचानक से उसे उसके पैर पकड़ कर बच्चे को सड़क पर दे मारा। मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना देख मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। उन्होंने ओमप्रकाश को पकड़ लिया और जमकर पिटाई लगाई। इसी दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस मौके पर पहुंची और ओमप्रकाश को भीड़ से छुड़ाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। गोवर्धन थाना इंस्पेक्टर ओम हरि बाजपेई ने बताया कि बच्चे का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उसके पिता की ओर से तहरीर दी गई है। हत्या का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। वारदात के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। आरोपी मानसिक कमजोर बताया जा रहा है। हालांकि इसकी पुष्टि मेडिकल परीक्षण के बाद ही हो सकेगी। हरपाल ने बताया कि परिवार में पत्नी व तीन बच्चे हैं, जिनमें अंकित सबसे बड़ा था। वे किराए के मकान में रहते हैं। फल की ढकेल लगाकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। शाम के समय अंकित खेलते हुए परिक्रमा मार्ग पर पहुंच गया था। इस हादसे के बाद पत्नी और दो अन्य बच्चे बदहवास हैं।

## मुडेसी में हुई बुजुर्ग दम्पति की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मुडेसी गांव के जंगल में खेत पर बने मंदिर पर सो रहे दंपति की 15 अगस्त की रात को हुई हत्या की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त बबलू चौधरी पुत्र गोकुल चन्द निवासी रामपुर थाना मगोर्रा जनपद मथुरा उसी की बगीचे पर बनी कोठरी के पास से गिरफ्तार किया। घटना के संबंध में मोहन सिंह पुत्र हीरा सिंह निवासी रामपुर थाना मगोर्रा ने थाना हाईवे पर अपने पिता हीरा सिंह उम्र करीब 72 वर्ष व माता लीलावती उम्र करीब 70 वर्ष की हत्या कर दिये जाने की तहरीर दी थी। दंपति करीब 20 वर्षों से भरतपुर रोड पर इण्डियन पेट्रोल पम्प के पीछे मुडेसी में अपने खेत पर मंदिर बना कर रह रहे थे। प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे उमेश चन्द्र त्रिपाठी के मुताबिक अभियुक्त बबलू चौधरी पुत्र गोकुल निवासी रामपुर थाना मगोर्रा करीब विगत 10 वर्षों से घटना स्थल के पास अपने खेत पर एक कोठरी बना कर अकेला रहता है, तथा खेती का काम करता है। हत्यारी अविवाहित है एवं नशे का आदी है। वह घटना स्थल पर बैठकर अक्सर नशा किया करता था तथा नशे में होने के बाद बुजुर्ग दम्पति को परेशान किया करता था। 14 अगस्त को शाम के समय करीब नौ बजे शराब पीकर घटना स्थल पर पहुंचा था तथा घटना स्थल पर बैठकर वो शराब का सेवन किया। नशे में पर अनावश्यक बुजुर्ग दम्पति से झगड़ालू बातें करने लगा था। मृतक बुजुर्ग महिला की चारपाई पर जाकर बैठ गया तथा पैर दबाने के बहाने मोबाइल में अश्लील वीडियो देखते देखते गलत हरकत करने लगा।

## कोसीकलां बच्चों को लेकर पक्षों में झगड़ा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
निकासा क्षेत्र में बच्चों के खेलने को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए। मारपीट के बाद पथराव होने लगा, इससे मोहल्ला में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख झगडा करने लोग भाग गए। देर शाम मोहल्ला करीमुल्ला वास के पास युसूफ और अय्यूब पक्ष के बच्चे खेल रहे थे। किसी बात को लेकर उनमें विवाद हो गया। एक किशोर ने दूसरे किशोर को पीट दिया। पिटने वाले किशोर ने अपने घर पहुंच कर घटना के बारे में जानकारी दी। इससे दोनों परिवार के लोग आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। दोनों पक्षों के लोगों ने छतों पर चढ़कर ईंट, पत्थर, बोतलें फेंकना शुरू कर दिया, इससे अफरा तफरी मच गई। लोग घरों में छिप गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी वहां पहुंच गई,प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि किसी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी तो पुलिस स्वंत संज्ञान लेकर केस दर्ज कर कार्रवाई करेगी।

# सितंबर में होगा भाकियू टिकैत का चार दिवसीय चिंतन शिविर

**चिंतन शिविर**

8 -लम्बे समय से मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित होता रहा है शिविर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय किसान यूनियन टिकैत का चार दिवसीय चिंतन शिविर मथुरा में चार से सात सितम्बर तक आयोजित होगा। वर्षों से मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर संगठन के इस तरह के आयोजन होते रहे हैं। इस बार होने वाले चिंतन शिविर को सफल बनाने के लिए संगठन के कार्यकर्ता जुट गये हैं। डैंपियर नगर स्थित किसान भवन में लगने वाले इस शिविर की तैयारियों को लेकर मथुरा महानगर के कैंट बिजली घर के कामरेड धर्मेंद्र सभागार हॉल में एक बैठक हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजपाल शर्मा ने कहा कि हर वर्ष की भांति श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत का चार दिवसीय चिंतन शिविर होगा। संगठन के कार्यकर्ता जिसकी तैयारी में कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। चिंतन शिविर को सफल बनाने के लिए मथुरा में हर चौराहे पर किसान यूनियन के झंडे होल्डिंग बैनर लगाए जाएंगे। जगह जगह स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। बैठक में राष्ट्रीय प्रचार मंत्री चौधरी करुआ सिंह, गजेंद्र सिंह परिहार, गजेंद्र सिंह गावर, जिला संयोजक चौधरी धीरी सिंह, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र रघुवंशी, महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी, देवेंद्र पारसोली, राकेश चैधरी, जगदीश परिहार, हर्ष, चौधरी, वीरेंद्र सिंह, बृज बिहारी, डैनी, फैजान, कुरैशी, सूरज निषाद, निजाम सहित दर्जनों लोग बैठक में मौजूद थे।



# 126 दिव्यांगजनों के उपकरण पाकर खिले चेहरे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने कहा कि सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए बहुत सी जनकल्याणकारी योजनाएं चला रखी हैं। जिनका पात्रों को लाभ मिल रहा है। दिव्यांगों की सेवा करना बहुत पुण्य है। जिससे मन को शांति मिलती है। रविवार को राजमार्ग पर नंद नंदन मैरिज होम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में चौधरी ने सरकार की उपलब्धियों गिनाते हुए कहा कि पहले दिव्यांगों को विकलांग के नाम से जाना जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांग को एक नया नाम दिव्यांग दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांगों के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, जिसके तहत दिव्यांगों को मोटराइज्ड साइकिल, मूक बधिरों के लिए सुनने व बोलने में सक्षम बनाने वाले यंत्र, सहायक उपकरण तथा कृत्रिम अंग प्रदान किए जाते हैं। 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तथा बीपीएल परिवारों के दिव्यांगों को निशुल्क सहायक यंत्र प्रदान करने की योजना भी चलाई जा रही है कार्यक्रम में दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में चौधरी ने 15 टीएल एम किट, 8 वॉकर,13 ट्राई पैड, 13 एल्बो क्रच, 20 ट्राई साइकिल, 14 व्हीलचेयर, 11 जोड़ी बैसाखी वितरित की गईं। उपकरणों को पाकर दूर दूर से आए दिव्यांगों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर मौजूद प्रतिनिधि नरदेव चौधरी, डा सुरेश आर्य, अमरपाल सिंह लौधी, ओमप्रकाश वर्मा, जेबी सिंह, विनोद जैन, अनुराग बंसल,हरिशंकर अग्रवाल, डा.प्रकाश चंद अग्रवाल, डा. यशपाल सिंह आदि थे।



# ओंकारमल सर्राफ को बताया विरक्त गृहस्थ संत

**भागवत कथा**

8 वृंदावन के छटीकरा मार्ग स्थित फोगला आश्रम में इन दिनों श्रीमद्भागवत गीता का आयोजन किया जा रहा है

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन के छटीकरा मार्ग स्थित फोगला आश्रम में इन दिनों श्रीमद्भागवत गीता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मलूक पीठाधीश्वर आचार्य राजेंद्र देवाचार्य महाराज शिरकत करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि ओंकारमल सर्राफ सच्चे अर्थों में विरक्त गृहस्थ संत थे, उनके सांसारिक जीवन काल में उनकी जीवनचर्या और उनके द्वारा परोपकार हेतु किए गए कार्यों से यह स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। स्थानीय रमण रेती मार्ग स्थित फोगला आश्रम में सर्राफ परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के अवसर पर कथा के प्रेरणास्त्रोत ओंकारमल सर्राफ के जीवन वृत्तांत पर प्रकाश डालते हुए मलूक पीठाधीश्वर डा स्वामी राजेंद्र दास देवाचार्य महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि साकेत वासी ओंकारमल सर्राफ को धीरेंद्र ब्रह्मचारी संतों का मुनीम कहा करते थे। डोंगरे जी महाराज सहित अनेकों तत्कालीन संतों के लिए वे परम सहयोगी एवं विशेष सेवादार के रूप में उपस्थित रहते थे। इस अवसर पर उन्होंने श्रीमद भागवत कथा के महात्म्य पर एवं इसके श्रवण मात्र से होने वाले लाभ पर विस्तार से प्रकाश डाला।



# तनिष्का को संगीत क्षेत्र में सीएम ने किया सम्मानित



**समारोह**

**वह अपनी कामयाबी का श्रेय अपने गुरुजी माता-पिता एवं उनकी शास्त्रीय संगीत की यात्रा को देती हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। शनिवार** सांय तीज उत्सव पर कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा पानीपत में प्रदेश स्तरीय महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित तीज उत्सव कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से विभिन्न कला क्षेत्रों में अपना अभूतपूर्व योगदान देने वाली महिलाओं को मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल खट्टर ने अपने करकमलों से सम्मानित किया। नारनौल शहर में संगीत क्षेत्र की आन बान शान, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शास्त्रीय संगीत में अपनी पहचान बना चुकी तनिष्का सैनी को भी इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने संगीत के क्षेत्र में अपने विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया। तनिष्का माता मरियम जन सेवा विद्यालय नसीबपुर में आठवीं कक्षा की छात्रा है। अपनी शास्त्रीय संगीत की बेहतर प्रस्तुति एवं हरियाणा का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने के लिए सम्मानित किया गया। तनिष्का मात्र 14 वर्ष की आयु में हरियाणा में शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में राज्य स्तर पर सम्मानित होने वाली पहली गायिका है। तनिष्का सैनी विधिवत रूप से पद्म भूषण उस्ताद राशिद खान से उनकी अकैडमी टीएफएन द फिफ्थ नोट ग्लोबल एक्सीलेंस कोलकाता की पांच स्तर की छात्रा है। वह अपनी कामयाबी का श्रेय अपने गुरुजी माता-पिता एवं उनकी शास्त्रीय संगीत की यात्रा में उनका बेहतर सहयोग करने वाले पंडित देवेंद्र वर्मा, अध्यक्ष राष्ट्रीय संगीतज्ञ परिवार एवं प्रभाकर कुमार पांडे, प्रबुद्ध तबला विद बनारस घराना और प्रोफेसर लोकेश शर्मा, गायन विभाग महिला कॉलेज गुरुग्राम को देती है।

# मिशन-2024 को लक्ष्य बनाकर सभी कार्यकर्ता ग्राउंड स्तर पर कार्य करें: डा. मनीष शर्मा



**संगठन**

**संगठन को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया। जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा ने कहा कि पार्टी मिशन-2024 को लक्ष्य बनाकर कार्य कर रही है**

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद**
**नांगल चौधरी**
जननायक जनता पार्टी की नांगल चौधरी हलके की मीटिंग रविवार प्रातः 11 बजे जाट धर्मशाला में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जेजेपी के हलका प्रधान बिरेंद्र बनिहाड़ी ने की। इस मीटिंग में जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा मुख्य वक्ता थे। यह जानकारी देते हुए पार्टी के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि इस मीटिंग में हलका स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया। जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा ने कहा कि पार्टी मिशन-2024 को लक्ष्य बनाकर कार्य कर रही है तथा अब धीरे-धीरे करके चुनावों का समय भी नजदीक आता जा रहा है। इसलिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता मिलकर ग्राउंड स्तर पर पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करें तथा घर-घर चूल्हे तक जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की गठबंधन सरकार ने अनेक विकास एवं जनकल्याण के कार्य किए हैं तथा पिछले सालों में लोगों को इनका भारी लाभ मिला है और जिन लोगों को अब भी मदद की जरूरत है, उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल की नीतियों पर चलते हुए पार्टी से सभी वर्गों को जोड़ने का प्रयास करेंगे। किसान, कर्मचारी, मजदूर, व्यापारी आदि सभी छत्तीस बिरदारी के लोगों के बीच जाकर पार्टी की पैठ बनाएं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आज हलका प्रधान बिरेंद्र बनिहाड़ी ने पार्टी के रूठे हुए कार्यकताओं को फिर से पार्टी से जोड़ा है, इससे प्रेरणा लेकर अन्य रूठों को भी मनाने तथा पार्टी से जोड़ने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि युवाओं में सबसे ज्यादा ऊर्जा होती है तथा उन्हें अधिक से अधिक अपने साथ जोड़ें। पार्टी की नीति बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने की है तथा प्रत्येक बूथ पर एक-एक यौद्धा एवं एक-एक सखी जोड़ने का प्रयास करें। जब हम बूथ स्तर पर मजबूत होंगे तो मिशन-2024 को हासिल करने से हमें कोई नहीं रोक पाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### केयू में विश्व उद्यमिता दिवस पर उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम आज

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक )**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूथ रेडक्रास एवं स्वावलंबी भारत अभियान, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर आरके सदन में प्रातः 10:00 बजे उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।लोक संपर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ दीपक राय बब्बर ने बताया कि इस कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि होंगे तथा विशिष्ट अतिथि कुरुक्षेत्र के उपायुक्त शांतनु शर्मा (आईएएस) होंगे।छात्र कल्याण अधिष्ठाता व प्रोग्राम कोर्डिनेटर, यूथ रेडक्रास एवं नोडल आफिसर आत्मनिर्भर भारत प्रो. शुचिस्मिता ने बताया कि इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### विधवा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए दिया जा रहा 3 लाख रुपए तक का ऋण - उपायुक्त

**सोनीपतः** आजादी के अमृतकाल में हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। योजना के तहत महिला विकास निगम के माध्यम से राज्य की विधवा, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग हुई महिलाओं को बैंकों के माध्यम से अपना स्वयं का व्यवसाय करने के लिए 3 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि योजना के तहत बैंक ऋण के ऊपर लगे ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा अनुदान के रूप में अदा करके की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 50 हजार रूपए व अवधि 3 वर्ष जो भी पहले होगी। योजना का लाभ लेने के लिए महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो। महिला की वार्षिक आमदनी 3 लाख रुपए से ज्यादा ना हो और महिला हरियाणा की स्थायी निवासी हो। योजना में मसाला यूनिट, डोना बनाना, रेडीमेड गारमेंट्स, ब्यूटी पार्लर, ऑटो रिक्शा इत्यादि शामिल है। इच्छुक महिलाएं आवेदन करने के लिए व फार्म प्राप्त करने के लिए जिला प्रबंधक कार्यालय हरियाणा महिला विकास निगम कार्यालय सुभाष नजदीक ऋषिकुल स्कूल गोहाना रोड सोनीपत में किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः: 9 बजे से सांय 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

### भारत रत्न राजीव गाँधी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**सोनीपतः** गोहाना की पुरानी अनाज मंडी में प्रदेश महासचिव राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हरियाणा कांग्रेस के एडवोकेट मनोज गोहाना ने भारत रत्न राजीव गाँधी जी की जयंती पर हमने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर, उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। प्रधानमंत्री के रूप में शानदार कामकाज से उन्होंने दुनिया के शीर्ष नेताओं में अपनी जगह बनाई। 21वीं सदी के भारत के निर्माण में राजीव जी ने अद्वितीय भूमिका का निर्वाह किया। वे डिजिटल इंडिया के शिल्पकार थे। उनके दूरसंचार और आईटी क्रांति व कंप्यूटरीकरण कार्यक्रम ने भारत को दुनिया के अग्रिम पंक्ति के देशों में खड़ा किया और लाखों युवाओं को रोजगार मिला। उनके कई हस्तक्षेप जैसे मतदान की उम्र कम करना, पंचायती राज को मजबूत करना, निरंतर शांति समझौते कर सद्भाव स्थापित करना, लोकतंत्र की मजबूती का माध्यम बनें। आज जब देश पंचायती राज स्थापित होने के 30 साल मना रहा है, तब हमें सोचना होगा कि कितने अनगिनत लोगों को इस दूरगामी कदम से राजनीति में प्रवेश मिला। राजीवजी ने समाज के सभी तबकों के कल्याण को ध्यान में रख कर अपने शासनकाल में 11 नीतियां बनायी। इसमें नयी शिक्षा नीति, आवास नीति, नई स्वास्थ्य नीति, नयी सिंचाई नीति प्रमुख है। कई संस्थाओं की स्थापना की। पीने का पानी, टीकाकरण, साक्षरता, बाढ़ नियंत्रण, खाने के तेल, दुग्ध उत्पादन और टेलीकॉम पर टेक्नालाजी मिशन बनाया। एक सच्चे देशभक्त को हम नमन करते हैं। इस अवसर पर सुभाष गोयल, चिरंजीलाल गोयल, रामकुमार जैन,सुभाष पंसारी, प्रवीण गोयल, देवेंद्र दुराना, अमित बुटाना, गोविंद बोडवाल, जय भगवान, श्रेयांश जैन, दीपक, सोनू आदि मौजूद रहे।

# पौधारोपण व भंडारा लगाकर मनाई पिताजी की द्वितीय पुण्यतिथि



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**पर्यावरणविद्** व प्रमुख समाज सेवी, हिन्दी प्रवक्ता दिलबाग सिंह ने अपने पिताजी की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर उन्होंने सर्वप्रथम बीमार गायों की सेवा की , और 5 बोरी हरा चारा डाल कर पुण्य कर्म किया। सेक्टर 12 के सुभाष चंद्र बोस पार्क में जामुन का पौधा लगाया और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी ली। उसके बाद अपने निवास स्थान पर मित्रों और परिजनों के साथ मिलकर पिताजी की आत्मा की शांति के लिए हवन करवाया और भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारी में लगभग 400 व्यक्तियों ने भोजन प्राप्त किया।
उन्होंने बताया कि अपने प्रिय जनों को याद रखने और विशेष अवसरों पर हमें पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। साथ ही सेवा की भावना बनाए रखने के लिए गरीब मजदूर वर्ग के लोगों को भोजन भी खिलाना चाहिए। प्रवक्ता दिलबाग सिंह ने बताया कि हमने प्रण लिया है कि हम अपने माता और पिता दोनों की पुण्यतिथि प्रतिवर्ष पौधे लगाकर और भंडारा करके मनाएंगे। पर्यावरण संरक्षण और सेवा भाव की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर परिजनों व रिश्तेदारों के साथ विधायक सुरेंद्र पंवार के सुपुत्र ललित पंवार, स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन के अध्यक्ष नितिन जैन, अशोक खत्री, वीरेंद्र गहलोत, संजय कुमार, पर्यावरण मित्र नरेंद्र हुड्डा, राहुल सेन, क्षितिज ,अर्पित सिंह ,शशांक सिंह ,गीता सिंह अदिति ,रुचिका आदि उपस्थित रहे।

# तारा एनक्लेव को नियमित करने पर कॉलोनी वासियों ने बांटे लड्डू



**समालखा/कमाल हुसैन**
**जीटी** रोड स्थित तारा एनक्लेव कॉलोनी को भाजपा सरकार द्वारा नियमित करने पर कॉलोनी वासियों ने खुशी मनाते हुए लड्डू बांटकर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया ' इस मौके पर कॉलोनी के प्रधान नरेश जौरासी और सुप्रसिद्ध समाजसेवी जगपाल जौरासी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल और सांसद संजय भाटिया का तहदिल से धन्यवाद किया।' इस मौके पर नरेश जौरासी ने बताया की कॉलोनी को नियमित करने पर सभी कॉलोनी वासी एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं और सरकार का भी धन्यवाद कर रहे है ' इस मौके उपप्रधान सुभाष रमन, सचिव बिजेंद्र कादियन, बलबीर राठी,अमित सहरावत, जयभगवान फौजी,धिरज छौक्कर शिवम मलहोत्रा,केसरी नंदन, मोनू, मुकेश व सैकड़ों कॉलोनी वासी मौजूद थे।

# यदुवंशी की छात्रा पलक ने ब्लॉक स्तर पर पाया द्वितीय स्थान



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेन्द्रगढ़। यदुवंशी** शिक्षा निकेतन महेंद्रगढ़ की छात्रा पलक पुत्री प्रवीण ने खंड स्तर पर आयोजित सेमिनार में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया है । ज्ञातव्य हो कि यह साइंस सेमिनार ब्लॉक स्तर पर मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल महेंद्रगढ़ में आयोजित हुआ जिसमें 25 विद्यालयों से 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें विषय था- मोटा अनाज पौष्टिक आहार या फैशन । इस सेमिनार में प्रत्येक विद्यार्थी को 6 मिनट के अंदर अपने विचार निर्णायक टीम के सामने लिखित एवं मौखिक रूप से तथा पीपीटी के माध्यम से रखने का अवसर दिया गया था। सेमिनार का उद्देश्य मोटे अनाज के गुण व दोषों के बारे में चर्चा करने और उनका महत्व बताना रहा कि किस प्रकार मोटा अनाज हमारे लिए पौष्टिक एवं शरीर के लिए वरदान साबित होता है। विद्यालय पहुंचने पर छात्रा को यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह एवं निदेशक विजय सिंह यादव द्वारा सम्मानित किया गया।

# लड़कियां की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ

**टीम एक्शन इण्डिय/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)आज अंडर** 14,17,19 (लड़कियां )खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुकुल कुरुक्षेत्र में खंड सचिव बलदेव राज सैनी द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को खेलों को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। आज लड़कियों की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें फुटबॉल, कबड्डी ,बैडमिंटन, हैंडबॉल, खो-खो ,कराटे इत्यादि के खेल आयोजित किए गए। इस अवसर पर खंड थानेसर के विभिन्न शारीरिक शिक्षक उपस्थित रहे।

# रौनक पब्लिक स्कूल में अंतर विद्यालय अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में 13 स्कूलों के 26 छात्रों ने लिया भाग




**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।**
**रौनक** पब्लिक स्कूल में अंतर विद्यालय अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिले के 13 स्कूलों के 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता 'भारत को समान नागरिक संहिता की आवश्यकता' विषय पर हुई। प्रतियोगिता की शुरूआत करते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य इंद्रनाथ सिन्हा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। साथ ही उनमें तर्क-वितर्क करने की भावना जागृत होती है। प्रतियोगिता आयोजित करने की पहल स्कूल की सीनियर विंग की समन्वयक और अंग्रेजी की वरिष्ठ शिक्षिका शुचिस्मिता ने की। प्रतियोगिता में अलग-अलग स्कूलों के प्रधानाचार्य गोहाना स्थित दून पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य ज्योति छाबड़ा, जेकेपी इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य पूजा आहूजा और जानकी दास स्कूल की अंग्रेजी की वरिष्ठ शिक्षिका रंजीता ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई । प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ स्कूल का खिताब ऋषिकुल विद्यापीठ को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ वक्ता का खिताब बाल विकास स्कूल के विभूति चंदना और ऋषिकुल विद्यापीठ की भूमिका को दिया गया। इसके अलावा प्रतियोगिता के समापन पर खंडन दौर का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने एक दूसरे से सवाल - जवाब किए। इसकी विजेता डीएवी मल्टीपर्पज की अंशिका रही। प्रधानाचार्य इंद्रनाथ सिन्हा ने विजेताओं और सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया।

# मेले हमारी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहरः डा. मनीष शर्मा



**सम्मान**

**जला प्रधान ने ग्रामीणों के साथ मेले में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया**

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। जननायक** जनता पार्टी के जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा ने गांव भांखरी में तीज के अवसर पर देर सायं आयोजित मेले में बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। इस मौके पर मेला कमेटी ने उनका स्वागत किया। यह जानकारी देते हुए जेजेपी के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि जिला प्रधान ने ग्रामीणों के साथ मेले में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया।
इस मौके पर जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा ने कहा कि मेले हमारी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर हैं और मेलों में दंगल आयोजित करने की पुरानी परंपरा रही है। इससे खेलों को बढ़ावा मिलता है तथा समाज में प्रेम एवं भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इससे न केवल शरीर हस्ट-पुष्ट बनता है, बल्कि शारीरिक सौष्ठव भी विकसित होता है। इससे नेतृत्व करने के गुण भी विकसित होते हैं। उन्होंने कहा कि मेले पुराने जमाने से चले आ रहे हैं और इन मेलों में लोग अपनी श्रद्धा एवं आस्था प्रकट करते हुए भारी संख्या में भाग लेते हैं। इससे सामाजिक सौहार्द को भी बढ़ावा मिलता है। इस मौके पर उन्होंने कुश्ती एवं कबड्डी विजेताओं को नगद ईनाम देकर सम्मानित किया। उन्होंने 50 युवाओं को टी-शर्ट भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। कबड्डी में प्रथम विजेता को 3100, द्वितीय को 2100 रुपये का ईनाम दिया। प्रथम चार प्लेयरों को 500-500 रुपये प्रोत्साहन स्वरूप भेंट किए। इस मौके पर गांव की सरपंच शारदा देवी, हनुमान नंबरदार, प्रदीप नंबरदार, प्रकाश यादव, बलबीर जांगिड़, मनीराम नंबरदार, मनभर यादव, सज्जन सिंह यादव, राधेश्याम शर्मा, महेंद्र सूबेदार एवं रवि आदि मौजूद थे।

# 'रक्तदान जीवन बचाने में अदा करता है अहम भमिका'

## विधायक सुरेंद्र पंवार ने रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**विधायक** सुरेंद्र पंवार ने कहा कि रक्तदानजीवनदान है। रक्तदान से नुकसान नहीं बल्कि जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाने में रक्तदाता अहम भूमिका अदा करता है। रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। विधायक सुरेंद्र पंवार जैन स्थानक, मिशन रोड पर महाराजा अजमीढ़ रोशनी सेवा सोसायटी, सोनीपत के तत्वावधान में आयोजित "रक्तदान शिविर" में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के उपरांत शहरवासियों को सम्बोधित कर रहे थे। इनके साथ एडवोकेट प्रेम सिंह अत्री, पूर्व प्रधान गौड़ संस्था, रोहतक भी मौजूद रहे।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कुछ लोगों में इस बात का काफी भ्रम है कि रक्तदानकरने से उनके शरीर में कमजोरी आ जाएगी और स्वास्थ्य पर काफी खराब असर पड़ेगा पर ऐसा कुछ नहीं है। जो रक्तदान हम दान करते है वह दोबारा से हमारे शरीर में बन जाता है, इसीलिए अधिक से अधिक रक्तदान करें। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपना रक्त अपनी इच्छा से दान करता है। रक्त ना मिल पाने के कारण लोगों की मौत हो जाती थी, लेकिन अब रक्तदान शिविर लोगों का जीवन बचाने में अहम भूमिका अदा कर रहे है। रक्तदान सबसे बड़ा दान माना जाता है, क्योंकि इससे आप किसी दूसरे व्यक्ति की जिंदगी बचा सकते हैं। रक्तदाताओं को स्वयं पर गर्व होना चाहिए कि उनका खून किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में काम आ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जीवन में रक्तदान अवश्य करें। बहुत से ऐसे मरीज होते हैं, जिनको इलाज के लिए रक्त की जरूरत होती है। यदि मरीज को समय पर रक्त मिल जाए तो उनको सही ढंग से इलाज हो जाता है और उनका जीवन बच जाता है।

# माता भूरा भवानी मंदिर में मनाया आस्था का प्रतीक हरियाली तीज महोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेन्द्रगढ़ ।** उप मंडल के गांव सिसोठ के माता भूरा भवानी मंदिर सिसोठ में महंत शक्तिनाथ महाराज के साथ भारतीय पर्व हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया ।इस अवसर पर मंदिर कमेटी सदस्य मुकेश चौहान और महंत शक्तिनाथ महाराज ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण की हरियाली तीज के अवसर पर महिलाओ ने माता भूरा भवानी मंदिर सिसोठ के प्रांगण में झूला झुला और हरियाली तीज का गीत गाकर और झूमकर कर आंदित मुद्रा में खुशी जाहिर की।

# हरीकिशन ने पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**तीरथ राज /नई दिल्ली**
**कांग्रेस के** पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिंदल नें पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर अपने आफिस में कांग्रेसी साथियों के साथ उनको माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



श्री जिन्दल ने सद्भावना दिवस के अवसर पर कहा कि भारत में सूचना क्रान्ति के जनक राजीव गांधी ने अपनी दूरदर्शी सोच के जरिए देश में सूचना क्रांति लाई। उन्होंने आगे बताया कि देश के कम्प्यूटराइजेशन और टेली कम्युनिकेशन क्रान्ति का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। मतदान की उम्र 21 वर्ष से कम करके18 वर्ष तक के युवाओं को चुनाव में वोट देने का अधिकार राजीव गांधी ने दिलवाया और देश में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उन्नत भारत की मजबूत नींव रखी।
इस अवसर पर हरी किशन जिन्दल के साथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह राघव, ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, प्रेमचंद नन्हें, सुरेन्द्र सैनी, अमित जैन, अमरीश भाई अनिल कुमार, होतम सिंह साहिल व शोएब आदि कांग्रेस नेता मौजूद थे।

**जिन्दल ने कहा**

8 भारत में सूचना क्रान्ति के जनक राजीव गांधी ने अपनी दूरदर्शी सोच के जरिए देश में सूचना क्रांति लाये: हरीकिशन जिंदल



वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जगदीश टाइटलर को जन्मदिवस की बधाई देते हुए गौरी शंकर शर्मा, विनोद वधवा और राहुल वधवा।

# केशव पुरमः यूनियन 13 सितम्बर को करेगी विशाल प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**न्यू भारतीय** सफाई कामगार यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बैनिवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि केशवपुरम जोन के डीसी को दिल्ली नगर निगम के स्वच्छता कर्मचारियों की अनेको समस्याओं को लेकर और विशाल प्रदर्शन करने को लेकर पत्र सौंपा गया है।



उन्होंने आगे बताया कि न्यू भारतीय सफाई कामगार यूनियन अनेको बार कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सफाई अधीक्षक को अवगत करा चुकी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कर्मचारियों की किसी भी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया है। इसलिए एसएस साहब का यहां से स्थानांतरण किया जाये। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश बहोत, दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू लोट, बीपी गुडियाल, वेद प्रकाश सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम कच्चे सफाई कर्मचारियों को जल्द से जल्द पक्का करें।

# नरेला में काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** में दिल्ली ग्रामीण टाइम्स न्यूज नेटवर्क का उदघाटन और काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नई बस्ती नरेला मंडी स्थित सिंह सभा गुरुद्वारा के हाल में किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर सूरज सेठी ने उद्घाटन करते हुए अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि आज समय की तेज रफ्तार के चलते दिल्ली ग्रामीण टाइम्स न्यूज नेटवर्क का यह है यूट्यूब चैनल जनता की आवाज बनाकर निम्न मध्यम वर्ग की



समस्याओं की प्रस्तुति करेगा। ताकि उनके सवाल अधिकारियों तक पहुंच सके। इस अवसर पर अन्य विशिष्ट अतिथियों में वैज्ञानिक पत्रकारिता के जनक वाई एस गिल, गौ सेवक राजेंद्र सिंघल, छाया पत्रकार सर्वेश, पत्रकार राजेश पोद्दार, समाज सेवी जसवीर सिंह, अनिल सिंह, एडवोकेट धर्मपाल, पादरी अमरसिंह, कुण्डली से प्रमुख विचारक कमलेश गौड, वरिष्ठ पत्र लेखक वेद मामूरपुर, आर्य समाज के पुरोहित रामपाल शास्त्री, अनिल खत्री, ट्रेड यूनियन नेता आरके मौर्य एवं अन्य गणमान्य ने अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस नेटवर्क के सहसंपादक सुरेंद्र पांचाल ने इसका इतिहास रखते हुए इसकी अब तक की यात्रा का विस्तार से वर्णन किया। अंत में इसके मुख्य संपादक नरेश गुप्ता ने इसकी सफलता के लिए सभी को सहयोग देने की अपील की। सभी ने करतल ध्वनि के साथ इसकी सफलता हेतु हर तरह के सहयोग देने का समर्थन किया। दूसरे सत्र में एक भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डॉक्टर जेके सभरवाल ने की तथा संचालन कलमकार राजव्रत ने किया। इस गोष्ठी में समसामयिक लोकगीत कार रमेश समर्पित, प्रसिद्ध गजलकर आशीष सिन्हा काशिद, जितेंद्र प्रीतम, जय सिंह मान, सीमा डोभाल, संजीव भारद्वाज मौजूद रहे।



प्राचीन हनुमान मंदिर भारत नगर में हरियाली तीज उत्सव के दौरान वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी और पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा अनिल शर्मा, टीना आहूजा, कुसुमलता सैनी व अन्य।

# दयानंद वत्स ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर अर्पित किये श्रद्धा सुमन

**वत्स ने कहा**

8 राजीव गांधी भारत में कंप्यूटर क्रांति के जनक थे। वे दूरदर्शी सोच रखते थे: दयानंद वत्स



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल भारतीय** स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव दयानंद वत्स ने संघ के मुख्यालय बरवाला में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 79वीं जयंती पर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि राजीव गांधी भारत में कंप्यूटर क्रांति के जनक थे। वे दूरदर्शी सोच रखते थे। आधुनिक भारत के नव- निर्माण में राजीव गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



जहांगीरपुरी में नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के द्वारा आयोजित नेत्र जांच शिविर के दौरान पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव, अशोक यादव, राकेश कुमार साहू, वरूण गुप्ता व अन्य।

# भजनपुरा में 'मंत्र सुनाओ, गिफ्ट ले जाओ' कार्यक्रम का हुआ आयोजन, बच्चों ने सुनाएं मंत्र

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के भजनपुरा** में प्रसिद्ध कवि व भाजपा जिला मंत्री भुवनेश सिंघल के सांस्कृतिक अभियान 'मंत्र सुनाओ, गिफ्ट ले जाओ' का आयोजन किया। इस अवसर पर लगभग 3 हजार महिलाओं व बच्चों ने मंत्र, चौपाई, श्लोक, आरती, भजन, गुरुवाणी व जिनवाणी आदि सुनाए। भुवनेश सिंघल ने मंत्र सुनाने वालों को पौधे व 4 प्रकार की खाद्य सामग्री गिफ्ट के रूप में दी। भुवनेश सिंघल द्वारा ये अभियान पिछले कई महीनों से लगातार चलाया जा रहा है। इस आयोजन के साथ ही मंत्र आदि सुनाने वालों की संख्या 87 हजार हो गई है। इस अभियान के तहत भुवनेश सिंघल ने आने वाले सभी लोगों को पहले 5 मंत्र सिखाये व सभी से सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी करवाया। इस अभियान की सफलता व गंभीरता को इस बात से समझा जा सकता है कि माताएं अपने बच्चों को सनातन धर्म









के संस्कार देने के लिये बच्चों को खूब तैयारी कराकर भेजती हैं और स्वयं भी मंत्र आदि सीखकर आती हैं। सिंघल से बात करने पर उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य 1 लाख लोगों को मंत्र आदि सिखाना है। उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान से बच्चे व महिला-पुरूष न केवल मंत्र आदि सीख रहे हैं बल्कि घरों में प्रतिदिन पूजा पाठ करना भी सीख रहे हैं। उनमें नेतृत्व करने की कला व सार्वजनिक रूप से बोलने की कला भी पनप रही है। तीसरी कक्षा के एक बच्चे संयम ने शिव तांडव स्त्रोत का पूरा पाठ कंठस्थ कर सभी को हैरान कर दिया। तो वहीं 5 वर्ष की अनुष्का ने सम्पूर्ण आरती व 3 मंत्र सुनाए। एक महिला बबिता ने बताया कि वो इस अभियान के कारण अनेक मंत्र, आरती व चालीसा भी सीख चुकी हैं। सिंघल ने कहा कि हमारा ये अभियान एक मिशन है जोकि आज देशभर में अत्यंत लोकप्रिय हो चुका है। इसमें अबतक लगभग 87 हजार बच्चे व महिलाएं मंत्र, चौपाई, चालीसा, आरती, गुरूवाणी, जिनवाणी आदि सुनाकर सनातन संस्कृति की मूल भावना से जुड़ चुके हैं। भुवनेश सिंघल ने यह भी बताया कि वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व बागेश्वर पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से अत्यंत प्रभावित हैं और वो मोदी जी के सपनों का भारत बनाने में अपना योगदान इस मंत्र सुनाओ गिफ्ट ले जाओ अभियान के माध्यम से दे रहे हैं। सिंघल ने कहा कि इस अभियान में उन्हें उनके क्षेत्र के सांसद मनोज तिवारी, जिलाध्यक्ष पूनम चौहान व विधायक अजय महावर का भी मार्गदर्शन मिल रहा है। सिंघल ने यह भी बताया कि इस अभियान से बच्चों की प्रवृति धार्मिक व सहिश्णु होने के साथ उदार भाव वाली बन रही है तथा समाज में समरसता का भाव भी जग रहा है। जहां पहले गलियों में कोई एक दूसरे को नहीं जानता था वहां आज सभी इस अभियान के माध्यम से एक दूसरे को जानने व पहचानने लगे हैं। वहीं बच्चे भी अब अपनी संस्कृति से रूबरू होने लगे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र चौधरी, पंडित नवीन, हैप्पी गुप्ता व वैभव सिंघल आदि मौजूद रहे।




15 अगस्त तिरंगा दौड़ में अंडर दस साल के बच्चो की रेस में कार्तिक देशवाल को स्पेशल पुरस्कार देते आर्य समाज के अध्यक्ष संजय खत्री व अन्य अधिकारी।

# पेड़-पौधों की तरह करें परिवार की रक्षा: राजेश गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** लोक सेवक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया कि हम सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उन पौधों की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए, जिससे की क्षेत्र हरा-भरा नजर आये। उन्होंने आगे बताया कि आज हम सभी प्रण ले कि हम सभी पौधारोपण करेगें और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करेगें। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, हम सभी का भी कार्य है कि हम अधिक से अधिक



पौधे लगाये, जिससे पर्यावरण सुन्दर नजर आये। उन्होंने कहा कि सभी अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगाये।



पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जेएस नेयोल व अन्य।

# सीएम की अध्यक्षता में जीएमडीए की 12वीं बैठक आयोजित

= गुरूग्राम के विकास को गति देने के लिए कई अहम परियोजनाओं को मिली स्वीकृति, जीएमडीए के लिए 2574.40 करोड़ रुपए के वार्षिक बजट को मंजूरी

**स्वीकृति**

8 सीएम ने वर्ष 2023-24 के लिए 2574.40 करोड़ रुपए के वार्षिक बजट की स्वीकृति प्रदान की

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के माध्यम से गुरुग्राम शहर के विकास को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में शनिवार की देर शाम गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण की 12वीं बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में हरियाणा के परिवहन मंत्री मूल चंद शर्मा, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। वहीं हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल भी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। जीएमडीए द्वारा शुरू की जाने वाली प्रस्तावित परियोजनाओं को जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीसी मीणा ने प्रस्तुत किया

**शीतला माता मेडिकल कॉलेज के लिए भी 300 करोड़ रुपए मंजूर:** मनोहर लाल ने प्राधिकरण के सदस्यों के साथ व्यापक विचार-विमर्श करते हुए वर्ष 2023-24 के लिए 2574.40 करोड़ रुपए के वा?षक बजट की स्वीकृति प्रदान की। वा?षक बजट में ढांचागत तंत्र (सडक, जलापूर्ति, सीवरेज, स्टोर्म वाटर आदि) के लिए 570.06 करोड़ रुपए, कैपिटल वर्क के लिए 1151.77 करोड़ रुपए जिसमें स्वास्थ्य सेवाएं विशेषकर शीतला माता मंदिर के लिए 300 करोड़ रुपए, शहरी पर्यावरण के लिए 36 करोड़ रुपए, ऑपरेशन एंड मेंटनेंस के लिए 538 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वार्षिक बजट के लिए प्राधिकरण के पास 2043.17 करोड़ रुपए का राजस्व विभिन्न मदों से प्राप्त होगा साथ ही शेष 531.23 करोड़ रुपए की आवश्यकता पहले से उपलब्ध कॉर्प्स फंड से पूरी की जाएगी।



## नए एसटीपी के लिए जमीन हस्तांतरण व अनेक योजनाओं को मिली मंजूरी

**मुख्यमंत्री** ने जीएमडीए की 12वीं बैठक में दौलताबाद के समीप सेक्टर 107 तथा नौरंगपुर के समीप सेक्टर 78 में प्रस्तावित नए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) के लिए जमीन हस्तांतरण को स्वीकृति प्रदान की। सेक्टर 107 के एसटीपी के लिए 49.93 एकड़ भूमि नगर निगम गुरुग्राम तथा सेक्टर 78 में 40 एमएलडी क्षमता के एसटीपी के लिए नगर निगम मानेसर 3.75 एकड़ भूमि जीएमडीए को हस्तांतरित होगी।

इसी तरह बैठक में सदर्न पेरिफेरेल रोड (एसपीआर) को फरीदाबाद रोड से एनएच-48 तक जोडने वाली सडक के अपग्रेडेशन के कार्य के तहत वाटिका चौक पर बन रहे अंडरपास के लिए 109.14 करोड़ रुपए की धनराशि को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। इस अंडरपास का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और जीएमडीएम 50:50 शेयर बेस पर कर रहे हैं। इसी तरह बैठक में नजफगढ़ ड्रेन तक पानी की निकासी के लिए लेग-दो व तीन से जुड़े कार्यों, द्वारका एक्सप्रेस के साथ लगती स?वस लेन, सीपीआर के साथ जलनिकासी के लिए ड्रेन, गुरुग्राम शहर में सडकों की मरम्मत, वर्तमान कार्यों की प्रगति की समीक्षा आदि पर भी विचार विमर्श करते हुए मुख्यमंत्री ने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने जीएमडीए के अधिकारियों को विज्ञापन व अन्य माध्यमों से राजस्व प्राप्ति को बढ़ाने की भी बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डीएस ढेसी, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के एसीएस आनंद मोहन शरण, एसीएस अरूण गुप्ता, पर्यावरण वन एवं वन्यजीव विभाग के एसीएस विनीत गर्ग, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट के डीजी टी.एल सत्यप्रकाश, गुरुग्राम के मंडलायुक्त रमेश चंद्र बिढान, डीसी निशांत कुमार यादव, पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन, नगर निगम मानेसर के आयुक्त साहिल गुप्ता, डीएलएफ से राजीव सिंह सहित जीएमडीए के अन्य सदस्य तथा अधिकारी उपस्थित रहे।

**टेल एंड सेक्टर्स तक पानी पहुंचाने के लिए 125 करोड़ रुपए की परियोजना स्वीकृत:** गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण की बैठक में शहर के विभिन्न क्षेत्रों तथा नए सेक्टर्स की जलापूर्ति की मांग को लेकर भी नई मास्टर वाटर सप्लाई लाईन का भी प्रस्ताव रखा गया। जिस पर मुख्यमंत्री ने 20.50 किलोमीटर लंबी मास्टर वाटर सप्लाई लाईन को स्वीकृति प्रदान की। इस लाईन के लिए 125 करोड़ रुपए के बजट को भी स्वीकृत किया गया। बसई जल शोधन संयंत्र पार्ट दो से 200 एमएलडी क्षमता की नई लाईन से सेक्टर 101, 104, 108, 110, 110 ए, न्यू पालम विहार, पालम विहार, सेक्टर 23, एनएच-48 को पार करते हुए साइबर हब आदि क्षेत्रों में जलापूर्ति होगी।

# प्रदेशवासियों की उम्मीदों पर खरा उतर रहे दुष्यंत: अजय सिंह चौटाला

### जनता के विश्वास को सवाया करके लौटाएंगे: डॉ. अजय चौटाला

**जनसभा**

8 गांव मोटूका में बनेगी इंडस्ट्रियल टाउनशिप, भिवानी-महेंद्रगढ़ में जेजेपी करेगी अगली जनसभा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/फरीदाबाद**
जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा कि जनता की दी हुई ताकत प्रदेश और जनहित में विकास कार्य करवाने के काम आती है। उन्होंने कहा कि जनता का ऋण सवाया करके उन्हें लौटाया जाएगा और जनहित के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। अजय चौटाला ने कहा कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जनता की उम्मीदों पर खरा उतर रहे है और गठबंधन सरकार में बहुत सारे ऐतिहासिक कदम उठाए है। वे रविवार को गांव मोहना में जेजेपी की फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की नव संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। डॉ. अजय चौटाला ने पार्टी कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई है और पार्टी कार्यकर्ता मिशन 2024 में लग जाए। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता वोट प्रतिशत को 17 से बढ़ाकर 51 करने पर फोकस करें और इसके लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में पार्टी का प्रचार-प्रसार करें तथा बूथ स्तर संगठन को मजबूत करें। साथ ही जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सोनीपत और फरीदाबाद लोकसभा की कामयाब रैली के बाद अगली रैली भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में करने का ऐलान किया। विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा तिगांव विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले गांव मोटूका में इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित की जाएगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इससे यहां नए उद्योग लगेंगे और फरीदाबाद-पलवल के हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार जनहित में ऐसे नए-नए विकास के विजन के साथ काम कर रही है जबकि पूर्व कांग्रेस सरकार ने कभी जनता का फायदा नहीं सोचा। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कांग्रेस की सोच रही थी कि कैसे किसानों की जमीनों को लूटा जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस असली किसान विरोधी पार्टी है क्योंकि पूर्व कांग्रेस सरकार के राज में किसानों की 73 हजार एकड़ जमीनें प्राइवेट बिल्डरों को सस्ते दामों पर बेची गई। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार किसानों के हित में बेहतर मंडी व्यवस्था व नई तकनीकी खरीद प्रणाली के साथ फसल खरीद कर-के उसका भुगतान और किसानों का मिलने वाला मुआवजा राशि समय पर सीधा उनके खातों में डाल रही है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बाढ़ पीड़ित किसानों को 15 सितंबर से पहले फसल खराबे का मुआवजा मिल जाएगा। इतना ही सरकार बाढ़ पीड़ित किसानों के लिए एक नई पॉलिसी फाइनल की है, जिसके तहत बाढ़ के दौरान यमुना से खेतों में आने वाली रेत का एक तिहाई हिस्सा किसानों को और दो तिहाई भाग सरकार को मिलेगा। इससे सरकार और किसान दोनों को लाभ मिलेगा जबकि कांग्रेस के समय में मुआवजे के नाम पर दो रुपए, पांच रूपए के चेक देकर किसानों का मजाक उड़ाया जाता था। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मौजूदा प्रदेश सरकार सड़क नेटवर्क को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार फरीदाबाद-पलवल क्षेत्र की यूपी के साथ तीन जगहों से कनेक्टिविटी करने का काम कर रही है, इसमें जेवर एयरपोर्ट भी शामिल है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी की सरकार में प्रदेश से उद्योग पलायन करते थे वो आज झूठे आंकड़े दिखाकर प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ने का दुष्प्रचार कर रही है।

# सीएम से विख्यात फिल्म निर्माता एवं निर्देशक मधुर भंडारकर ने की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय फि ल्म पुरस्कार विजेता और विख्यात फि ल्म निमार्ता एवं निर्देशक मधुर भंडारकर ने मुलाकात की। इस दौरान हरियाणा में फिल्मों की शूटिंग की अपार संभावनाओं एवं इससे उत्पन्न होने वाले रोजगार के अवसरों को लेकर बातचीत हुई। इस मौके पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता और हरियाणा प्रभारी बिप्लब देव भी मौजूद रहे। मनोहर लाल ने हरियाणा की फि ल्म पॉलिसी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में सिनेमा का विकास करने और हरियाणा में फिल्म मैत्री वातावरण सृजित करने के लिए हमने फिल्म पॉलिसी बनाई है। यह नीति फिल्म निमार्ताओं और प्रोडक्शन हाउस को आकर्षित करने के लिए डिजाइन की गई है और नीति में कई प्रकार के प्रोत्साहन की पेशकश की गई है। उन्होंने कहा कि इस नीति का लक्ष्य हरियाणा को फिल्म निमार्ताओं के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करना और फिल्म से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक विकास को गति देना है।



## हाईकमान ने हरियाणा कांग्रेस के सभी धड़ों को सीडब्ल्यूसी में किया शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की घोषित नई कार्यकारिणी में हरियाणा के सभी दिग्गजों को स्थान मिला है। रविवार को जारी हुई इस सूची के माध्यम से हाईकमान ने धड़ों में बंटे कांग्रेस नेताओं को एकजुट करने का प्रयास किया है हरियाणा में कांग्रेस की गुटबाजी के चलते करीब दस साल से संगठन नहीं बन पाया है। प्रदेश में इस समय कांग्रेस के एक गुट का नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा कर रहे हैं तो दूसरे गुटों का नेतृत्व रणदीप सुरजेवाला, कुमारी सैलजा तथा किरण चौधरी कर रही हैं। रविवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे द्वारा जारी संगठन की सूची में राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा को कांग्रेस कार्य समिति में बतौर परमानेंट इन्वायटी शामिल किया है।

# ग्लोबल सिटी गुरुग्राम में अब दिखेगी मिनी बॉलीवुड

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पिछले लगभग 9 वर्षों से प्रदेश की समृद्ध कला एवं संस्कृति को संजोय रखने के लिए प्रदेश की नई फिल्म नीति तैयार करवाई है। ग्लोबल सिटी गुरुग्राम में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कला प्रदर्शनी का मंच बनाया गया है। अब वह दिन दूर नहीं जब गुरुग्राम में मिनी बॉलीवुड की झलक भी देखने को मिलेगी। मुख्यमंत्री ने विश्व फोटोग्राफी दिवस पर गत सांय गुरुग्राम में स्थित म्यूजिओ कैमरा म्यूजियम का दौरा किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की पहल पर ही गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण ने निजी सार्वजनिक भागीदारिता के तहत समझौता ज्ञापन कर इस म्यूजियम की विश्वस्तरीय स्थापना करवाई है। यहाँ तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मई, 2023 में अपने "मन की बात" कार्यक्रम में इस म्यूजियम की सराहना की है। इस म्यूजियम में न केवल फोटोग्राफी बल्कि भारत के राजनीतिक, सांस्कृतिक तथा सामाजिक इतिहास की जानकारी भी देखने को मिलेगी। फोटोग्राफी में रुचि रखने वाले देश-दुनिया के फोटो प्रेमी तो यहाँ आएंगे ही बल्कि बॉलीवुड से भी फिल्म निमार्ता व कलाकार भी इस म्यूजियम में आएंगे। फोटोग्राफी का आविष्कार फ्रांस के जोसफ निस्फोरे नैप्स ने 18वीं शताब्दी में किया था। 21वीं शताब्दी तक पहुँचते-पहुँचते यह एक विज्ञान का रूप ले चुकी है।



**योजना पर काम**

8 विश्व फोटोग्राफी दिवस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया म्यूजिओ कैमरा म्यूजियम का दौरा

म्यूजिओ कैमरा के संस्थापक एवं निदेशक आदित्य आर्य ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का म्यूजियम में पहुँचने पर आभार व्यक्त किया और हरियाणा सरकार का विशेष रूप से धन्यवाद किया जिन्होंने ग्लोबल सिटी गुरुग्राम में म्यूजियम की स्थापना में सहयोग किया।

## बुजुर्ग को झांसे में लेकर तीन युवकों ने सोने की चेन ठगी

**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ओल्ड डीसी रोड पर घूमने गए बुजुर्ग को झांसे में लेकर इनाम देने के बहाने तीन युवक उनसे सोने की चेन ठग ले गए। बुजुर्ग को जब ठगी का पता लगा तो परिजनों व पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने जांच के बाद अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी के आधार पर युवकों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। तारा नगर निवासी बिशन सिंह ने बताया कि वह सुबह साढ़े सात बजे घूमने के लिए निकले थे। वह ओल्ड डीसी रोड पर एक दुकान के बाहर जाकर सीढ़ियों पर बैठ गए। इसी दौरान बाइक सवार युवक उनके पास आया और किसी का पता पूछने लगा।

# अब तक तक हम विपक्ष थे अब विकल्प हो गये: भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर सद्भावना दिवस मनाते हुए हिसार के सेक्टर 1-4 ग्राउंड में आयोजित विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम में उमड़े जनसैलाब ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान पूरे पंडाल में कहीं पैर रखने तक की जगह नहीं बची। कार्यक्रम स्थल की तरफ आने वाली सारी सड़कें जाम हो चुकी थी। पूरा हिसार कांग्रेसमय नजर आया। जितने लोग पंडाल में मौजूद थे उसके ज्याद लोग पंडाल के बाहर सड़कों पर मौजूद रहे। सुबह से ही लोग ढोल नगाड़ों के साथ सभा स्थल पर पहुंचना शुरू हो गए थे। भारी भीड़ से

**हल्लाबोल**

8 भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश अध्यक्ष चौ. उदयभान प्रदेश के सभी 90 विधानसभा हलकों का करेंगे दौरा

उत्साहित नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि आज इस जनसमुद्र के जोश और समर्थन को देखकर मैं दावे के साथ कह सकता हूं अब तक तक हम विपक्ष थे अब विकल्प हो गये हैं। उन्होंने कहा कि अब तक हरियाणा के 9 लोकसभा क्षेत्रों में विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम हो चुका है। हर



कार्यक्रम में उमड़े जनसैलाब ने अपना ही रिकार्ड तोड़ दिया। दूसरे कार्यक्रम ने पहले का, तीसरे ने दूसरे का, चौथे कार्यक्रम ने तीसरे का यानी हर कार्यक्रम में जनता ने अपार समर्थन दिया है। अब मैंने और उदयभान जी ने तय किया है कि इस साल के अंत तक प्रदेश के सभी 90 विधानसभा हलकों का दौरा करेंगे। इसके अलावा हर जिले में जनमिलन कार्यक्रम भी चलता रहेगा। वहां उपस्थित जनसैलाब को देखकर हुड्डा ने नया नारा दिया भाजपा-जजपा भगाओ, कांग्रेस सरकार लाओ। आज विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर, दो दर्जन से ज्यादा पार्टी विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व सांसद, पार्टी के वरिष्ठ नेतागण, कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई समेत सभी फ्रन्टल संगठनों के नेता, भारी तादाद में कार्यकर्ता मौजूद रहे। अपने संबोधन में हुड्डा ने कहा कि 2014 में जो हरियाणा प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, कानून-व्यवस्था, नौकरी देने में नंबर 1 था आज वो हरियाणा महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और कर्जे में नंबर 1 पर पहुंच गया। महंगाई आसमान छू रही है।

# लुधियाना में कैथल से गाड़ी में पहुंच नकली पनीर, वीडियो वायरल

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
लुधियाना में कैथल से गाड़ी में पहुंचे नकली पनीर का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में कैथल नंबर की गाड़ी भी दिखाई दे रही है, जिसमें पनीर पहुंचा था। लुधियाना के हैबोवाल में मेयर कुलदीप ने एक डेरी से नकली पनीर को पकड़ा है। वीडियो में लोग मेयर कुलदीप का नाम लेकर उन्हें इस बात के लिए धन्यवाद कर रहे हैं कि उन्होंने लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले इन लोगों का पदार्फाश किया है। हाथ में पनीर लेकर लुधियाना के लोग यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि इस तरह के मिलावटी पनीर को खाने से बचें। ऐसा पनीर खाकर सेहत से खिलवाड़ होगा। मिलावटी पनीर का अवैध धंधा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। अच्छी क्वालिटी का दूध लेकर घर पर ही पनीर तैयार किया जाना चाहिए, क्योंकि अब जगह-जगह मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री हो रही है। लोगों ने कहा कि यह मेदा व अरारोट मिलाकर मिलावटी पनीर तैयार किया गया है। पनीर का रंग ही बता रहा है की यह पूरी तरह से नकली है। इसका भाव भी 150 रुपये प्रति किलो है, जो देखने में ही मिलावटी लगा रहा है तो खाने में कैसा होगा

# पोर्टल के बहाने हरियाणा सरकार छीन रही हैं गरीबों के हक: सैलजा

= कांग्रेस के आरोप- बीपीएल सूची में दर्ज नहीं हो रहे नए नाम, फैमिली आईडी की आड़ में राज्य के गरीबों का राशन बंद

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार प्रदेश के लोगों के साथ पोर्टल का खेल खेल रही है। पोर्टल के बहाने प्रदेश के गरीब परिवारों से उनका हक छीना जा रहा है।रविवार को एक बयान जारी कर कांग्रेस नेता सैलजा ने कहा कि पोर्टल के नाम पर बहानेबाजी करते हुए बीपीएल सूची में किसी नए गरीब परिवार का नाम दर्ज भी नहीं किया जा रहा है, इसके साथ ही जो नाम पहले से दर्ज हैं, उनको किसी न किसी बहाने से काटा जा रहा है और काटे जाने की साजिश रची जा रही है। सैलजा ने कहा कि गरीब परिवारों को सरकार से मिलने वाली सुविधाएं खत्म करने के लिए जानबूझकर उसके आदमी को अधिक दिखाया जा रहा है। जिन परिवारों के पास बिजली का एक ही कनेक्शन है, उनके नाम से 5-7 बिजली कनेक्शन दिखाए जा रहे हैं। ऐसा करने के बाद इन्हें कोई नोटिस देने की बजाए सरकार के स्तर पर खुद ही इनके बीपीएल राशन कार्ड व अन्य सुविधाएं बंद कर दी जाती हैं।



**आरोप**

8 पोर्टल के नाम पर बहानेबाजी करते हुए बीपीएल सूची में किसी नए गरीब परिवार का नाम दर्ज भी नहीं किया

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महकमों को ऑनलाइन करने की आड़ में भी बड़ा खेल खेला गया है। अगर इनके डिजिटलाइजेशन और पोर्टल बनाने के कार्यों की एवज में हुए भुगतान की जांच कराई जाए तो कमीशनखोरी का बड़ा मामला उजागर हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना जरूरत के भी पोर्टल बनाने व सॉफ्टवेयर बनाने के टेंडर दिए गए, ताकि काम अलॉट करने के बदले कमीशन हासिल किया जा सके।
कुमारी सैलजा ने कहा कि तहसील व दफ्तरों तक सीमित लूट के अड्डे अब पोर्टल के बहाने सीएससी के नाम पर हर सडक पर नजर आते हैं। परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन से लेकर फसल का ब्यौरा और फसल बेचने की अप्वाइंटमेंट तक इन सेंटरों से लोगों को करवानी पड़ रही है। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र समेत तमाम कार्यों के लिए लोग इन सेंटरों के भरोसे

# गांव गद्दी खेड़ी का जवान लद्दाख में हुआ शहीद

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
रोहतक के गांव गद्दी खेडी निवासी सेना का जवान अंकित कुंडू लद्दाख में शहीद हो गया। अंकित के शहीद होने का पता चलने पर पूरे गांव में शोक की लहर दौड गई। शनिवार को जम्मू कश्मीर के लद्दाख में हुए हादसे में हरियाणा के पांच जवानों की मौत हुई है। लद्दाख में सेना का एक ट्रक खाई में गिरा था, जिससे 9 जवानों की जान गई थी। भारतीय सेना के जवान गैरीसन से लेह के पास क्यारी की तरफ जा रहे थे। लद्दाख में लेह के पास सेना का एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिसमें सवार एक जूनियर कमिशन अफिसर और आठ जवानों की मौत हो गई थी, जबकि एक जवान घायल हुआ, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा क्यारी इलाके के पास हुआ। सेना के ट्रक के साथ एक एंबुलेंस और यूएसवी भी जा रही थी। इन सभी वाहनों में कुल 34 सेना के जवान थे। हादसे में पांच जवान हरियाणा निवासी थे। गांव गद्दी खेडी निवासी जवान अंकित भी षामिल है। देर रात गांव सरपंच सेवा सिंह के पास अंकित के शहीद होने की सूचना आई थी, उन्होंने इस बारे में शहीद के परिजनों से बातचीत की । अंकित परिवार में सबसे बड़ा था और करीब चार साल पहले ही वह सेना में भर्ती हुआ था और इस वक्त उसकी पोस्टिंग कश्मीर के लद्दाख क्षेत्र में थी। सोमवार दोपहर तक उसके शव के गांव पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। यह भी बताया जा रहा है कि करीब डेढ़ साल पहले ही अंकित के पिता की मौत हो गई थी और घर की सारी जिम्मेदारी अंकित पर ही थी। परिवार में मां व पत्नी के अलावा उसका छोटा भाई दीपक है जोकि गांव में खेती बाड़ी करता है। बताया जा रहा है कि अंकित ने परिवार वालों को सितंबर माह में आने की बात कही थी और तीन-चार दिन पहले ही उसने अपनी मां व परिवार के सदस्यों से भी उसकी बातचीत हुई थी।

जिस तरीके से गांव वाले घर के बाहर एकजुट है उससे उसकी मां को आभास हो गया है कि कोई ना कोई घटना हुई है, जिसकी वजह से गांव वाले उनके घर पर आ रहे हैं यह देखकर उसकी मां एक दो बार बेहोश भी हुई है और सदमें है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 21 अगस्त 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

आदर्श रसोई साल दूसरा - सप्ताह 20वां

# 'राकेश भारद्वाज चौक' पर आदर्श रसोई ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम

## राकेश भारद्वाज चौक पर नेता सदन मुकेश गोयल ने रिबन काटकर किया विधिवत शुभारंभ और झंडारोहण











**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी "राकेश भारद्वाज चौक" पर धूमधाम से आदर्श रसोई का आयोजन किया जा रहा है। ये आदर्श रसोई का दूसरा वर्ष है। इसी कड़ी में आदर्श रसोई की पूरी टीम ने स्वतंत्रता दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस बार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए दिल्ली नगर निगम में नेता सदन मुकेश गोयल। इस दौरान श्री गोयल के साथ युवा आप नेता अनुराग गर्ग और रवि वधवा भी मौजूद रहे।

### नेता सदन मुकेश गोयल ने विधिवत रूप से रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई ने दूसरे वर्ष का 20वां रविवारीय कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर आदर्श रसोई ने स्वतंत्रता दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मुकेश गोयल ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। इसके बाद श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस दौरान आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने मुकेश गोयल का भव्य स्वागत किया।

### तिरंगे की थीम से सजा नजर आया "राकेश भारद्वाज चौक"

इस विशेष मौके पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने "राकेश भारद्वाज चौक" को तिरंगे की थीम पर सजाया, जिससे पूरा क्षेत्र तिरंगामय नजर आ रहा था। हर कोई राष्ट्रीय गीतों और धुनों पर हाथों में तिरंगा लिए झूमते नजर आ रहा था। सभी ने एक स्वर में देश की आन बान शान के लिए भारत माता की जय के नारे लगाये।

### क्या बोले मुकेश गोयल




निगम पार्षद मुकेश गोयल ने कहा कि "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा किया है। आदर्श रसोई का सालाना कार्यक्रम अपने आप में सफलता का परचम लहरा चुका है। मुकेश गोयल ने कहा कि आदर्श रसोई निःस्वार्थ रूप से पिछले दो वर्षों से लोगों को नाममात्र के शुल्क में थाली परोस रही है। आदर्श रसोई समाजसेवा के क्षेत्र में नित नये आयाम स्थापित कर रही है। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने राकेश भारद्वाज चौक पर धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया। यह वाकई गर्व का पल है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है। श्री गोयल ने कहा कि मेरे लायक जो भी काम होगा, मैं उसके लिए सदैव तत्पर रहूँगा।

### क्या बोले अनुराग गर्ग

कार्यक्रम में बतौर अतिथि शामिल हुए अनुराग गर्ग ने कहा कि अन्न दान के उद्देश्य से शुरू हुई ये संस्था वाकई कबीले तारीफ काम कर रही है। मुझे तो पहले भी यहाँ आने का कई बार मौका मिला है। रसोई की पूरी टीम बहुत ही उम्दा कार्य कर रही है। स्वतंत्रता दिवस के इस विशेष कार्यक्रम को इतना भव्य बनाने के लिए आप सभी की बहुत बहुत बधाई।

### क्या बोले रवि वधवा

स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में बतौर अतिथि शामिल हुए युवा नेता रवि वधवा ने कहा कि मेरे बड़े भाई राकेश भारद्वाज जी का जाना मेरे लिये व्यक्तिगत आघात था। वो मेरे मित्र भी थे, भाई भी थे और सुख- दुख के साथी भी। कभी उन्होंने कोई काम कहा तो मैं एक आवाज पर खड़ा रहा और कभी मैंने कहा तो वह हर काम के लिए तैयार रहे। उनके जाने के बाद भी उनका नाम जीवित रखने का कार्य आदर्श रसोई बखूबी कर रही है।

### स्वतंत्रता दिवस पर विशेष तौर पर बनवाये गए कई नये व्यंजन

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आदर्श रसोई ने विशेष प्रबंध किए थे। हर बार से अलग कई नए व्यंजन तैयार करवाये गये थे। पुलाव, रायता, छोले, आलू की सब्जी, सलाद, आचार के अलावा तंदूरी रोटी, निःशुल्क पानी और आइसक्रीम भी उपलब्ध करवाई गई थी।





















